तापमान

अधिकतम 29.6 डिग्री

न्यूनतम 09.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 29 दिसंबर 2025





14 इस्पात भूमि के पेज नंबर-4 पर जरूर पढ़ें, वर्ष 2025 में हुईं प्रमुख घटनाएं, जिसके लिए याद किया जाएगा यह साल...




# नए साल की तैयारी... शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस रहेगी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नए साल में हुडदंग मचाने वालो के खिलाफ पुलिस सख्त है। 31 दिसंबर की रात सड़कों पर कोई हुड़दंग, स्टंटबाजी करने वाले जेल जाने की तैयारी कर ले। 1 जनवरी से जिलेभर में पुलिस हाई अलर्ट मोड पर रहेगी। सड़कों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक हर गतिविधि पर पैनी नजर पुलिस रखी हुई है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने नए साल के मद्देनजर गाइडलाइन जारी किया है। बीते सालों में नए साल की रात शराब पीकर वाहन चलाने, स्टंट बाइकिंग, ट्रिपल राइडिंग और सार्वजनिक शांति भंग करने की घटनाएं सामने आई हैं। जिनसे दुर्घटनाएं और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है। इन्हीं घटनाओं पर लगाम कसने के लिए इस बार पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहें है। पुलिस की गाइडलाइन के मुताबिक सड़कों पर केक काटना, सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग मचाना पूरी तरह बंद रहेगा। चलते वाहन की छत पर खड़े होकर स्टंट करना, वाहन से शरीर बाहर निकालना, ट्रिपल राइडिंग, स्टंट बाइकिंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव) के मामलों में भी कार्रवाई किया जाएगा। बिना अनुमति डीजे या तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाना, कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन, गाली-गलौज करना या किसी भी तरह से सार्वजनिक शांति भंग करना भी भारी पड़ सकता है। ऐसे मामलों में चालान, लाइसेंस जब्ती, वाहन सीज करने से लेकर गिरफ्तारी तक की कार्रवाई होगी।

### “ शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं

नए साल का स्वागत शांति पूर्ण ढंग से करे। खुशी शांति और जिम्मेदारी के साथ नव वर्ष को सुरक्षित रह कर मनाए। इसके अलावा दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत डायल 112 या पुलिस कंट्रोल को सूचित करे। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता है। कानून तोड़ने वालों पर पुलिस सख्त है। चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी

### होटलों में शुरू की गई जांच, आधार कार्ड का किया जा रहा परीक्षण



शहर के होटलों जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, ढाबे, क्लब और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए बैरिकेडिंग भी लगाए जाएगें। कई स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट बनाए गए है। इसके अलावा ड्रिंक एंड ड्राइव रोकने के लिए ब्रेथ एनालाइजर से सघन जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### रात का पारा सामान्य से साढ़े 4 डिग्री नीचे



**भिलाई।** ठंड अपने पूरे सबाब पर है। रविवार को ट्विनसिटी में न्यूनतम तापमान डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके उलट दिन का तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा रहा, जो 29.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। इस प्रकार दिन और रात के तापमान में करीब 20 डिग्री का अंतर है। ऐसे मौसम में खासकर सर्दी–जुकाम और वायरल संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी की आशंका बनी रहती है। सुबह और रात के समय ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस और गिरावट आ सकती है। इसके चलते जिले के कई हिस्सों में शीतलहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है। ठंडी हवाओं के साथ खुले क्षेत्रों में ठिठुरन बढ़ेगी, जबकि सुबह–शाम ठंड का असर ज्यादा रहेगा।

### उदासीनता : शिक्षा विभाग ने किया है जिले में 33 नर्सरी स्कूलों का चयन

# नर्सरी स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य अब तक महज एक संस्थान ने लगाई अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हाईकोर्ट के आदेश के बाद छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने नर्सरी स्कूलों को भी मान्यता लेना अनिवार्य कर दिया है। महीनेभर हो गए नर्सरी स्कूल संचालन करने वाली महज एक ही संस्थान ने मान्यता के लिए आवेदन लगाया है। आदेश के बाद जिला शिक्षा विभाग ने सभी नर्सरी स्कूलों को पत्र भी जारी किया है। वहीं 33 नर्सरी स्कूलों को चिहांकित किया है।

### हर क्लास रूम हवादार होना चाहिए

प्ले स्कूल के भवन को लेकर भी गाइड लाइन जारी किए गए हैं। जिसमें हर क्लास रूप हवादार होना चाहिए। बालक और बालिकाओं के लिए अलग.अलग शौचालयए बच्चों के लिए रेस्ट रूम, साफ पीने का पानी, सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए। खेल क्षेत्र, अग्निशमन यंत्र, बाउंड्रीवाल,मेडिकल सुविधाए, स्वच्छता की सुविधा जैसे साबुन, डस्टबीन, वाशबेसिन होना चाहिए। स्कूल का समय 3 से 4 घंटे का होगा।



### प्ले स्कूलों के लिए ये गाइड लाइन

- प्री .प्राइमरी प्राइवेट स्कूलों को जिला शिक्षा अधिकारी से तीन माह के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
- स्कूलों को नाम में प्ले स्कूल शब्द शामिल करना अनिवार्य होगा।
- तीन वर्ष से कम आयु वाले बच्चे का एडमिशन नहीं होगा।
- प्री प्राइमरी स्कूल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा .नर्दिशों का पालन करेंगे।

### पालक शिक्षण समिति बनेगी

प्ले स्कूल संचालकों को अब पालक शिक्षण समिति का गठन करना होगा। इस समिति का गठन स्कूल शुरू होने के एक महीने के भीतर करना है। इसका कार्यकाल एक साल तक रहेगा। इस समिति में 75 प्रतिशत पालक और 25 प्रतिशत शिक्षक रहेंगे। अध्यक्ष का मनोनयन पालकों के बीच से ही किया जाएगा। समिति की त्रैमासिक मीटिंग करनी है। मौजूदा स्थिति यह है कि अधिकांश नर्सरी स्कूल बिना समिति के संचालित किए जा रहे हैं।

## आवेदन करने से बच रहे स्कूल प्रबंधन

### मापदंड के अनुरूप संचालन नहीं

भिलाई, दुर्ग सहित जिले में नर्सरी स्कूलों का संचालन मापदंड के अनुरूप नहीं हो रहा है। मापदंड के हिसाब से बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड होना अनिवार्य है। हवादार कमरे हों। पेयजल, शौचालय की समुचित व्यवस्था रहे। ये मापदंड का पालन केवल नामी-गिरामी स्कूल ही कर रहे हैं। अन्य स्कूलों में इन सुविधाओं का अभाव है।

### कापी-पुस्तकों से चल रही है पढ़ाई

नर्सरी स्कूल के बच्चों को केवल खेल- खेल में सिखाना है। अध्यापन नहीं करवाना है। हाल यह है कि सभी नर्सरी स्कूलों में बच्चों से कापी और पुस्तकें खरीदी करवा ली गई है। होम वर्क बुक से लेकर अन्य चित्रात्मक पुस्तकें चलाई जा रही है। ये किताबें अच्छी खासी मंहगी है। इसी से पढ़ाई करवाई जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी बुक्स चलाने पर रोक लगाई है। प्ले स्कूल एक्ट लागू किया है।

### क्वार्टर में ही चल रहे हैं नर्सरी स्कूल

भिलाई-दुर्ग में सर्वाधिक स्कूल बीएसपी क्वार्टरों में चल रहे हैं या फिर निजी मकान में। हर गली-कूचों पर लोग अपने घरों में ही नर्सरी स्कूल खोल रखे हैं। न खेल मैदान हैं और न ही बिजली, पानी की व्यवस्था। नर्सरी स्कूलों को मान्यता देने के पहले जिला शिक्षा विभाग की टीम आवेदित संस्थानों का मौके पर जाकर सत्यापन करेगी।

### एक आवेदन मिला है

वर्तमान में एक आवेदन नर्सरी स्कूल मान्यता के लिए आया है। स्कूलों को पत्र जारी किया गया है। और दो महीने हैं। इस बीच मान्यता की पूरी प्रक्रिया पूरी करनी है। इसलिए संस्थानों को चाहिए के वे आवेदन जल्दी करे ताकि सत्यापन का कार्य विभाग जल्द कर ले और मान्यता सर्टिफिकेट हम उन्हे दे सकें।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ

# पैदल चल रहे युवक का मोबाइल छीना, बाइक सवार हुआ फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिनदहाड़े सड़क किनारे बात कर रहे युवक के हाथ से मोबाइल छिनकर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। जामुल पुलिस ने बताया कि शनिवार 27 दिसंबर की दोपहर हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारे के पास दिनदहाड़े सड़क किनारे फोन से बात कर रहे युवक लक्ष्मण सिंह के हाथ से बाइक सवार युवकों ने मोबाइल छिनकर फरार हो गए। युवक पैदल फोन पर बात करते हुए घर जा रहा था। लक्ष्मण वाहन चालक का काम करता है। अचानक पीछे से एक बाइक में दो युवक सवार होकर पीछे से पहुंचे थे। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने अचानक लक्ष्मण के हाथ से मोबाइल फोन

- दिनदहाड़े घटना को दिया अंजाम

झपट लिया। जब तक लक्ष्मण कुछ सोच पाता रफ्तार से बाइक में आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद से लक्ष्मण घबरा गया। शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले थे। शिकायत के बाद पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है। मोबाइल में में दो सिम कार्ड लगे हुए थे।






# पुलिस चेकिंग में संदिग्धों को पकड़ा, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 6 स्थित जंयती स्टेडियम में चल रहे हनुमंत कथा पं.धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था पुलिस ने पुख्ता कर रखा है। इस दौरान चोरी, लुट, चैन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को रोकने एसएसपी विजय अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए अभियान चलाया। कथा स्थल से घूम रहे संदिग्ध लोग पकड़े गए। पुलिस ने सेकंड विकेट गंज वार्ड 12 उमरिया मध्य प्रदेश अकी रुइया, रहीस्ता बाई, सेकंड हरदुआ जिला कटनी मध्य प्रदेश देवरिया, साइन नगर थाना साइन नगर एमपी परमाल सिंह, गंज वार्ड 12 उमरिया एमपी आलमगीर, हरद्विार थाना रीठी जिला कटनी भावना, बारीगंज जिला पटना बिहार करू जमीदार, गौस नगर जिला नालंदा बिहार टिंकू केवट, श्रवण कुमार, सेकंड गादला थाना गोपका जिला मुजफ्फरपुर यूपी सुनील कुमार , बजरंग नगर सुपेला आशु डोंगरे को पकड़ा गया। सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# डांस कर रही नाबालिग के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डीजे में डांस कर रही नाबालिग के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों केके खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि 17 वर्षीय नाबालिग 26 दिसंबर 2025 को त्यौहार के अवसर पर डीजे बज रहा था। जहां पर डांस कर रही थी। इस दौरान अरविंद नामक युवक अपने दोस्तों के साथ पहुंचा और हाथ में बीयर की बोतल लेकर डांस करने लगा। डांस करते समय बीयर नाबालिग के ऊपर गिरने लगी। तब नाबालिग ने हटने को कहा लेकिन आक्रोश में आकर अरविंद ने गाली गलौज करना शुरु कर दिया। मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर थप्पड़ जड़ दिया। घटना में नाबालिग के गर्दन, बाईं आंख के नीचे और दाहिने हाथ में चोटें आई हैं। मामले में अरविंद की शिकायत पर अभी, पोलेश, बंगारु और अन्य और नाबालिग के शिकायत पर अरविंद के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# हनुमंत कथा सुनने पहुंची महिलाओं से उठाईगिरी, 5.30 लाख रुपए के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हनुमंत कथा सुनने गई दर्जन भर महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हो गई। घटना की जानकारी महिलाओं को तब हुई जब घर जाकर अपने आप को देखा तो गले में पहनी हुई सोने के जेवरात गायब मिला। दोबारा कथा स्थल पहुंचकर महिलाओं ने खोजबीन किया। लेकिन जेवरात नहीं मिलने भिलाई नगर थाने शिकायत करने पहुंची थी। उक्त जेवरात की कुल कीमत 5.30 लाख रुपए है। फिलहाल पुलिस चेन पार करने वालो की तलाश में जुटी हुई है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 07 सडक 37 इ म.नं. 4 बी निवासी आर ललिता सिलाई का काम करती है। 27 दिसंबर को हनुमत कथा सुनने जयंती स्टेडीयम दोपहर को गई थी। सोने का मंगल सुत्र जिसमें दो पाईप नुमा डिजाइन और चार गोल डिजाईन, बीच गोल लाकेट गायब था। जिसका वजनी ढाई तोला कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। कान्टेक्टर कालोनी सुपेला निवासी नर्मदा देवी सकरी डिजाईन का चैन 7 ग्राम लाकेट लगभग 3 ग्राम 20 हजार का पार हो गया। रावणभाठा सुपेला उर्वसी देशमुख के गले का मंगल सुत्र काली पोथ वाला 10 सोने के मोती व दो गोल लाकेट लगे थे। 10 ग्राम सोने की कीमत 30 हजार रुपए का था। उरला साई नगर रोड नंबर 3 सुमन नायक के गले से चैन 18 ग्राम पार कर दिया। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए है। रूंआबांधा मार्केट क्वाटर नंबर 152-ए सविता सिंग के गले से सोने का चैन 30 हजार रुपए का पार हो

- भिलाई नगर पुलिस कर रही जांच, दोपहर 1 बजे के करीब की घटना

गया। कैंप 2पावर हाउस निवासी मंजु गहलोद के गले में चैन नुमा सोने का मंगलसुत्र 20.10 ग्राम का पार हो गया। कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

वार्ड नंबर 10 शंकर नगर दुर्गा चौक दुर्ग उत्तरा चंद्राकर सोने का 15 नग गेहूं दाना एवं बीच में गोल डिजान का सोने का लाकेट वजनी डेड तोला 30 हजार रुपए का पार हो गया। दया नगर भिलाई थाना भिलाई नगर शकुंतला चंद्राकर का सोने के चैन दो तोला 3.5 ग्राम 70 हजार रुपए का पार हो गया। बालाजी नगर खुर्सीपार जुनिया देवी गले में पहने सोन का चैन 9.5 ग्राम 30 हजार का पार हो गया। रामनगर सुपेला उमा देवी साहू सोने का चेन 2 तोला 40 हजरा रुपए का पार हो गया।




## खबर संक्षेप



### सड़क नव निर्माण का महापौर ने भूमिपूजन कर निर्माण कराया शुरू

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर के साथ वार्ड 15 में नाला से लेकर एप्रोज रोड तक चल रहे सड़क डामरीकरण कार्य का पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया। लागत 30.54 लाख से डामरीकरण सड़क नव निर्माण कर किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि इसके पूरे हो जाने से जनता को बेहतर सड़क उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क की मजबूती मोटाई एवं उपयोग में लाई जा रही सामग्रियों एवं मशीनों की कार्यक्षमता का अवलोकन करते हुए साथ चल रहे अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कार्य कर रहे ठेकेदार एवं अधिकारियों से निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कर लेने के निर्देश दिये। इस मौके पर महापौर अलका बाघमार के साथ लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद युवराज कुंजाम सुरुचि उमरे, उपअभियंता मोहित मरकाम, पंकज साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दिसंबर तक टैक्स जमा करने पर मिलेगी 2% छूट

दुर्ग। निगम ने नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए प्रॉपर्टी टैक्स पर 2 प्रतिशत की छूट का लाभ देने की घोषणा की है। यह छूट सिर्फ अंतिम 5 दिनों के लिए उपलब्ध है। निर्धारित समय सीमा के भीतर टैक्स जमा करने पर नागरिक बचत का लाभ उठा सकेंगे। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि समय पर टैक्स जमा करने से शहर के विकास कार्य सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत, लाइट व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए धन उपलब्ध होता है।

### छग सर्व समाज संगठन का हुआ शपथ ग्रहण



दुर्ग। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का चुनाव मुख्य चुनाव प्रेमचंद देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें प्रांतीयकारिणी में प्रांताध्यक्ष मेघनाथ यादव, उपाध्यक्ष संतकुमार केशकर, महामंत्री लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, सचिव अशोक कुमार साहू को नियुक्ति पत्र सौंपकर नवनियुक्ति प्रांतीयकारिणी को शपथ ग्रहण कराया गया, पश्चात नव नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये ब्रम्हदेव पटेल को प्रदेश संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष भोजराम डढसेना, अनुरूप साहू, धनश्याम कुमार देवांगन, बेनीराम पटेल, आनंद राम सिन्हा, गैंद लाल वर्मा, प्रेम लाल सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता, वरिष्ठ सलाहकार रमेश साहू, प्रदेश सलाहकार, डॉ. डीपी देशमुख प्रदेश मीडिया प्रभारी, भानु प्रताप यादव प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मिडिया प्रभारी सहसचिव, डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ, सुमन देवांगन प्रदेश संयोजिका आदि बनाए गए।

# मोहल्ला क्रिकेट स्पर्धा में वार्ड 13, 32 और 15 की टीमों ने दर्ज की जीत

## स्वर्गीय कृष्णा चौधरी स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट, शांतिनगर मैदान में हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वर्गीय कृष्णा चौधरी स्मृति रात्रिकालीन मोहल्ला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहला मैच वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड और वार्ड 13 कोहका के बीच खेला गया।

वार्ड 13 ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वार्ड 24 की ओर से शिव ने 15 और अभय ने 10 रन बनाए, जिसकी मदद से टीम ने 8 ओवर में 85 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वार्ड 13 कोहका की टीम ने दमदार बल्लेबाजी की। संदीप ने 36 और रिकी ने 18 रन बनाकर टीम को 7 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर जीत दिलाई। दूसरा मैच वार्ड 28 प्रेम नगर और वार्ड 9 राजीव नगर के बीच खेला गया। वार्ड 28 की टीम सिर्फ 36 रन ही बना सकी। जवाब में वार्ड 32 बैकुंठ धाम ने 4 ओवर में तीन विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। तीसरे मुकाबले में वार्ड 15 अंबेडकर नगर और वार्ड 14 शांति नगर आमने-सामने रहे। टॉस जीतकर वार्ड 15 ने क्षेत्ररक्षण चुना। वार्ड 14 की ओर से प्रकाश ने 20 और अर्चित ने 14 रन बनाए, टीम ने 8 ओवर में 78 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में वार्ड 15 अंबेडकर नगर के ओपनर कृष्ण ने 45 रन की शानदार पारी खेली। रितिक शर्मा ने 14 रन जोड़े और टीम ने 7 ओवर में मैच जीत लिया।



### स्व. विद्यारतन भसीन स्मृति कप

आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि अगला मुकाबला स्वर्गीय विद्यारत्न भसीन स्मृति कप कॉर्पोरेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच होगा। इसमें साईराम ऑटोमोबाइल ग्रुप और शिवनाथ ऑटोमोबाइल के बीच मुकाबला खेला जाएगा। दूसरा मैच आकाशगंगा मोबाइल विक्रेता और आईसेक्ट कंप्यूटर के बीच होगा, जबकि तीसरा मैच वार्ड 10 लक्ष्मी नगर और वार्ड 16 सुपेला के बीच खेला जाएगा। मैच के रेफरी काके और धनंजय रहे, जबकि कमेंट्री जयदीप ने की।

## पानी की बर्बादी, दोहरी सप्लाई प्रणाली के कारण पानी का दुरुपयोग ज्यादा

# दुर्गा मंदिर वार्ड-46 में अव्यवस्थित नाली बनी मुसीबत, गंदे शौचालय से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्गा मंदिर खुर्सीपार वार्ड 46 में ऊंची-नीची और जर्जर नालियों से लोग परेशान हैं। ढलान सही न होने से नाली का पानी सड़क पर बहने लगता है। नागरिकों ने नालियों के समतलीकरण, नई नाली निर्माण और खाली शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन बनाने की मांग की है।

वार्ड परिक्रमा

जोन 4 के अंतर्गत दुर्गा मंदिर खुर्सीपार वार्ड 46 के लोगों ने इलाके में बनी ऊंची-नीची नालियों को समतल करने और पुरानी जर्जर नालियों के स्थान पर नई नाली निर्माण की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई जगहों पर नालियों की ढलान सही नहीं होने से पानी भर जाता है और सड़क पर बहने लगता है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। कई जगह पानी की पाइप लाइन भी नाली से होकर गुजरी है। निवासियों ने बताया कि वार्ड में स्थित पुराने जर्जर स्कूल भवन के बंद होने के बाद से वह परिसर और पास की शासकीय जमीन खाली पड़ी है। लोगों ने यहां सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी है, ताकि सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए एक स्थायी स्थल उपलब्ध हो सके। इलाके के लोगों का कहना है कि कई नालियां वर्षों पुरानी हो चुकी हैं और जगह-जगह टूट गई हैं। बारिश के समय समस्या और बढ़ जाती है। वहीं कुछ जगह पर सड़कें भी जर्जर स्थिति में है। नागरिकों ने नगर निगम से नालियों का समतलीकरण, नई नाली निर्माण और पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

### नालियों से गुजर रही पेयजल की पाइप लाइन



### वर्तमान कार्यकाल में नहीं हुआ विकास




दुर्गा मंदिर खुर्सीपार वार्ड 46 में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर पूर्व पार्षद जयशंकर चौधरी ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड में सड़कों और नालियों का निर्माण करीब 15 साल पहले उनके कार्यकाल के दौरान कराया गया था, लेकिन वर्तमान जनप्रतिनिधि के कार्यकाल में इन पर कोई काम नहीं हुआ। समय बीतने के साथ कई जगह सड़क और नालियां जर्जर हो गई हैं, जिन्हें संधारण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पानी की बर्बादी बड़ी समस्या बन चुकी है। कई लोग बिना जरूरत पानी बहाते रहते हैं। पहले यहां बीएसपी की पाइप लाइन थी, बाद में नगर निगम ने भी अलग पाइप लाइन बिछा दी। दोहरी सप्लाई प्रणाली के कारण पानी का दुरुपयोग और ज्यादा बढ़ गया है। पूर्व पार्षद ने यह भी बताया कि वार्ड में करीब तीन सार्वजनिक शौचालय हैं, लेकिन उनकी साफ सफाई ठीक से नहीं होती। बदइंतजामी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण की मांग



तेलुगु मोहल्ला क्षेत्र में जर्जर पड़े स्कूल भवन और खाली शासकीय भूमि पर बढ़ते कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। वार्ड निवासी के. राजू, बल्लभ राव, एम. सुन्दर, प्रकाश और के. राजलक्ष्मी ने बताया कि शासकीय भूमि पर पहले एक स्कूल संचालित था, लेकिन करीब 15 साल पहले भवन जर्जर होने के कारण स्कूल बंद कर दिया गया। तब से यह परिसर खाली पड़ा है। निवासियों का कहना है कि स्कूल परिसर के आसपास भी शासकीय भूमि खाली है, लेकिन नगर निगम की अनदेखी के कारण इस जमीन पर लोगों द्वारा धीरे-धीरे कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम तुरंत हस्तक्षेप कर जमीन को संरक्षित करे। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि खाली स्कूल भवन और शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए। उनके अनुसार, सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक, धार्मिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए लोगों को दूसरी जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा। निवासियों ने नगर निगम से क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने और जमीन को अतिक्रमण से बचाने की मांग की है।

## बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने सांस्कृतिक आयोजनों की अहम भूमिका : गजेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ दुर्ग पब्लिक ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

दुर्ग पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल साईं नगर और दुर्ग पब्लिक स्कूल बजरंग नगर ने कुशा भाऊ ठाकरे भवन, आदित्य नगर में हर्षोउल्लास के साथ वार्षिक उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव थे। अन्य अतिथि के रूप में देवा एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष केएफ फारूखी और सचिव डॉ. संतोष सार भी मौजूद थे।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अपने प्रतिभा और पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्कूल के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिक उत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यकम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने उनका आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उन्हें जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बनाने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार होता है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर स्कूल की संचालिका सरूपा गुप्ता द्वारा बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। प्राचार्या रूही देवांगन ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। दूसरी शाखा बजरंग नगर की प्रधान पाठिका अनिता साहू ने भी स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्रधानपाठिका प्रीति अजमानी ने मंच का संचालन किया।

## मध्य ब्लॉक कांग्रेस ने नवनियुक्त अध्यक्ष बाकलीवाल का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ मासिक बैठक राजीव भवन में आयोजित

जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल का मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सम्मान किया। राजीव भवन शनिचरी बाजार में आयोजित बैठक में उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष अलताफ अहमद, महामंत्री अनूप वर्मा विशेष रूप से उपस्थिति थे। बैठक में एसआईआर के बाद नई मतदाता सूची का वितरण वार्ड प्रभारी बूथ प्रभारियों को किया गया। निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची गहन अध्ययन कर छूटे हुए नाम को मतदाता सूची में जोड़वाया जाए। बैठक में कई अन्य विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पार्षद अश्विनी निषाद, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुमित घोष, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, अशोक मेहरा, राजकुमार वर्मा,शत्रुघन चक्रधारी, गणेश सोनी, डोमार सिंह राजपूत, भीमसेन, चंद्रशेखर पारख, प्रकाश शिवनकर, मनोज सिन्हा, कल्याण सिंह ठाकुर, संजय ताम्रकार, पाशी अली, आनंद कपूर ताम्रकार, अली असगर उपस्थित थे।

## गूगल हैकाथॉन में छात्रों ने दिखाया नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



शहरों में पार्किंग की समस्या को कम करने के लिए अब नई जगह तलाशने या महंगी बहुमंजिला पार्किंग बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों के घरों के आसपास मौजूद खाली प्लॉट, खुले परिसर और उपयोग में न आ रही ज़मीन को ही पार्किंग में बदला जा सकेगा। वाहन खड़ा करने वाले लोग तय समय के अनुसार शुल्क देकर वहां पार्क कर सकेंगे। इसके लिए छात्रों ने एक विशेष वेबसाइट तैयार की है, जिसमें शहर के सभी खाली प्लाटों का विवरण मौजूद है।

रविवार को रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित गूगल डेवलपर ग्रुप के सहयोग से कराए गए हैकाथान के दौरान छात्रों ने इसका डेमो दिया। छात्रों ने ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें शहर के अलग-अलग इलाकों में मौजूद खाली जगहों को चिन्हित कर उन्हें व्यवस्थित पार्किंग के रूप में जोड़ा जा सकता है। इससे बाजार, अस्पताल, कार्यालय और रिहायशी इलाकों के आसपास अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों पर रोक लग सकेगी।

छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे शहरों में वाहन संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग आम समस्या बन चुकी है। लोग कई-कई मिनट तक वाहन खड़ा करने की जगह तलाशते रहते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है और यातायात प्रभावित होता है। छात्रों की इस व्यवस्था में पहले से यह पता चल सकेगा कि किस इलाके में कितनी जगह उपलब्ध है और वहां वाहन खड़ा किया जा सकता है या नहीं। कार्यक्रम में करीब 35 टीमों ने भाग लिया, जिनमें रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के साथ-साथ अन्य कॉलेजों के छात्र भी शामिल रहे। इन्हीं टीमों में से एक टीम ने शहरों में बढ़ती पार्किंग समस्या को ध्यान में रखते हुए एक विशेष पार्किंग मॉडल विकसित किया। लगातार दो दिन 24 घंटे चले नॉनस्टॉप कोडिंग राउंड के बाद बच्ची टीमों में प्रतिस्पर्धा हुई।

### निकायों में आप ने की प्रभारियों की नियुक्ति

दुर्ग। आम आदमी पार्टी ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि प्रदेश में बोदरी और कई वार्डों के जीत के बाद 2026 के नवम्बर में होने वाले चुनाव को लेकर प्रदेश के साथ- साथ भिलाई, रिसाली, भिलाई- चरोदा व जामुल के चुनाव की तैयारी को लेकर प्रभारियों की घोषणा कर दी है। भिलाई के लिए डॉ. एसके अग्रवाल, रिसाली संजीत विश्वकर्मा, भिलाई-चरोदा देविंदर सिंह भाटिया, जामुल के लिए अजय रामटेके को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक व प्रदेश सह प्रभारी मुकेश अहलावत ने निकाय चुनाव को मजबूती से लड़ने की तैयारी को लेकर बैठक की थी, जिसमें प्रदेश के पदाधिकारियों को निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाने को निर्देशित किया था।

## जू-जित्सु में जिले को 4 ब्रांज, एसएसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर में 5 दिवसीय जू-जित्सु नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल छत्तीसगढ़ से 90 प्रतिभागी ने भाग लिया था। जिसमें दुर्ग शहर से सात बच्चों ने जू-जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर चार ब्रांच मेडल 1 सिल्वर मैडम प्राप्त किए जिसमें काव्या विश्वकर्मा अंडर 16 वेट कैटेगरी फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में कड़ी टक्कर के साथ फाइनल में कुछ कम अंक से हार कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वही रुचिका देवांगन ने अंडर 12 वेट कैटेगरी में शानदार फाइट कर फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में भी ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए अमन चंदेल ने अंडर 17 में नेवाजा में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए।



इस तरह दुर्ग जिला को कुल 4 ब्रॉन्ज मेडल 1 सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। दुर्ग जिला के इस उपलब्धि पर दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात कर सभी बच्चों को मेडल सर्टिफिकेट पहनाकर सम्मानित किया गया। जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के जिला सेक्रेटरी देवा साहू ने बताया कि यहां बच्चे पिछले 3 वर्षों से हनुमान नगर वार्ड नंबर 21 एवं वार्ड नंबर 11 आशीष इन्फोटेक में सुबह शाम मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेते हैं। बच्चों के इस कामयाबी पर जू-जित्सु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राणा अजय सिंह वार्ड नंबर 11 के पार्षद आशीष चंद्राकर वार्ड नंबर 21 के पार्षद विद्यावती सिंग हर्ष सुरभि नहर नाहर संजय साहू, अरुण सिंह ने बधाई दी एवं सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना किए।

## भिलाई बंगाली समाज ने की तैयारियों की समीक्षा

# नववर्ष पर शुरू होगा सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नववर्ष की शुरुआत के साथ ही भिलाई बंगाली बीबीएस समाज द्वारा विविध सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

■ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर 23 को प्रभातफेरी

आयोजन की तैयारियों को लेकर समाज के पदाधिकारियों की बैठक सेक्टर 7 स्थित सामाजिक भवन में हुई, जिसमें कार्यक्रमों के संचालन से जुड़ी जिम्मेदारियां तय की गईं।

रविवार को हुई बैठक में समाज पदाधिकारियों ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में बीएसपी के आदर्श मिडिल स्कूल सेक्टर 7 में ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 10 और 11 जनवरी को शाम 4.30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को चार कैटेगरी में रखा गया है।

ग्रुप ए में कक्षा दूसरी से पांचवीं तक, ग्रुप बी में कक्षा छठवीं से आठवीं तक, ग्रुप सी में कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं तक और ग्रुप डी में कक्षा बारहवीं से उच्च आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। यह आयोजन लगातार 16वें वर्ष हो रहा है। प्रतियोगिता में रबीन्द्र संगीत, आधुनिक गीत, भक्तिगीत, लोकगीत और नजरूल गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।



### 22 व 23 को फूड फेस्टिवल

22 और 23 जनवरी को सिविक सेंटर स्थित ओपन एयर थियेटर में फूड फेस्टिवल के साथ दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर सेक्टर 7 से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बैठक में आयोजनों को सफल बनाने के लिए वरिष्ठजनों द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सुबिर चन्द्र रॉय, सुबिर भट्टाचार्य, अमिताभ दास, अमित वर्मन, उज्ज्वल मजुमदार, आकाश मांझी, सुभाशीष डे, सुब्रत गुहा रॉय सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ और युवा सदस्य मौजूद थे।

## तालपुरी बी ब्लॉक में एक और कॉलोनी के खिलाफ लोगों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तालपुरी बी ब्लॉक में प्रस्तावित एक और आवासीय परिसर तथा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसी तारतम्य में कॉलोनीवासियों ने लामबंद होकर इसके विरोध में हाउसिंग बोर्ड के संपदा और जन सूचना अधिकारी आरके गोडबोले तथा अपर आयुक्त आरके राठौर को ज्ञापन सौंपा। निवासियों ने पिछले दिनों हाउसिंग बोर्ड के इस एकतरफा फैसले के खिलाफ कलेक्टर अभिजीत सिंह से हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इसके अलावा विधायक ललित चंद्राकर के सामने भी लोगों ने प्रस्तावित योजना पर अमल रोकने की गुहार की थी। ब्रोशर का हवाला देते हुए लोगों ने संपदा अधिकारी को बताया कि यह डेढ़ एकड़ भूमि व्यावसायिक उपयोग के लिए है, जिसका टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट ने अनुमोदन भी किया है, लेकिन बोर्ड ने अपने विज्ञापन में भूमि को आवासीय बताते हुए प्रकोष्ठ भवनों के निर्माण का प्रस्ताव किया है।

■ हाउसिंग बोर्ड के फैसले का कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग



लोगों ने बताया कि यह कॉलोनी पहले ही अपर्याप्त जलापूर्ति, सीवरेज, सुरक्षा, अव्यवस्थित गार्डन एवं बिजली की समस्या से जूझ रही है। इन सबके बावजूद हाउसिंग बोर्ड द्वारा एक और आवासीय परिसर, कार्यालय और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने से मौजूदा ढांचा और भी चरमरा जाएगा। हाउसिंग बोर्ड की योजना के अनुसार जूनियर एमआईजी फ्लैट के 12 मकान, सीनियर एमआईजी फ्लैट के 72 मकान, जबकि जूनियर एमआईजी ब्लॉक के अंतर्गत 72 मकान बनाना प्रस्तावित है। इस तरह 156 मकान बनाए जाएंगे। वहीं 21 दुकानें और 8 हॉल बनाना भी तय किया जा चुका है। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, ओपी मिश्रा, टी सहदेव, गिरिराज देशमुख, काशीराम देशमुख, लोकेश कुमार और जीसी बर्मन शामिल हैं।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

# गुरु गोविंद सिंह देव के परिवार की कुर्बानी की याद में मनाया शहादत दिवस

## चार साहिबज़ादों की शहीदी गाथा का कीर्तनों और कथाओं से श्रद्धालुओं ने किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गुरुद्वारा श्री गुरु अरजन देवजी हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में 26 दिसंबर से श्री गुरुग्रंथ साहिब का अखंड की स्थापना से अपनी जीवनशैली को गुरुओं के समर्पण भाव और शीतल व्यक्तित्व के अनुसार अपने व्यवहार को ढालकर देश व समाज हित में अपना जीवन समर्पित करने का प्रण लेकर शहीदी पर्व मनाया जा रहा है। रविवार को गुरुग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति की गई। उनकी मर्मस्पर्शी शहीदी की याद में शोक संतप्त होकर परिवार, देश व समाज में सुख ,शांति व सुरक्षा की कामना व अरदास प्रतिदिन की गई। रविवार को पाठ की समापित पर उपस्थित सभी समाज के श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रागियों द्वारा सजे कीर्तन दरबार में दशम पिता गुरु गोविंद सिंग के परिवार की कुर्बानियों एवं परमात्मा की महिमा के वर्णन को कीर्तनों कथाओं के माध्यम से सुना। कार्यक्रम की समापित पश्चात गुरु को भोग लगाकर कढ़ाह प्रसाद और लंगर का वितरण उपस्थित श्रद्धालुओं में किया गया।



### चार साहिबजादों ने सिख और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए दी अपनी कुर्बानी

संगत को बताया गया कि 4 साहिबजादों ने सिख और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी, लेकिन बर्बर मुगलों के सामने नहीं झुके और न ही धर्म परिवर्तन किया। ये सप्ताह सिखों के दशवें गुरू गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबज़ादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, ज़ोरावर सिंह, व फतेह सिंह को समर्पित है। सरहिंद के सूबेदार वजीर खां से युद्ध करने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी ने परिवार सहित श्री आनंद पुर साहिब का किला छोड़ा।सरसा नदी पर जब गुरु गोबिंद सिंह जी का परिवार एक ओर जहां बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ,वहीं दूसरी ओर छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह, माता गुजरी जी के साथ पूरा परिवार बिछड़ गया था। गुरु के नौकर गंगू सिंह ने सोने की मोहरों की लालच में आकर गद्दारी कर छोटे साहिबजादों की सूचना वजीर खान को दे दी थी। खबर मिलते ही वजीर खां के सैनिक माता गुजरी और 7 वर्ष की आयु के साहिबजादा जोरावर सिंह और 5 वर्ष की आयु के साहिबजादा फतेह सिंह को गिरफ्तार कर ठिठुरती ठंड में ठंडे बुर्ज में रखा। बचने के लिए कपड़े का एक टुकड़ा तक नहीं दिया। इसी दौरान गुरु गोविंद सिंह देव के दोनों बड़े साहिबजादे भी ऐतिहासिक चमकौर के भीषण युद्ध में शहीद हो गए।



**खबर संक्षेप**



## कुम्हारी में हिंदू सम्मेलन में जुटा संत समाज

**कुम्हारी ।** हिन्दू समाज को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज कुम्हारी द्वारा सनातन संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता के प्रति विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन मानस भवन, बाजार चौक कुम्हारी में किया गया। मुख्य अतिथि मीना वर्मा अध्यक्षा नगरपालिका परिषद कुम्हारी तथा समस्त अतिथियों ने रामलला के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर पूजन अर्चन की। तत्पश्चात सम्मेलन में पधारे समस्त अतिथियों, वक्तागणों का स्वागत किया गया। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता के साथ हिंदुत्व के प्रति नई ऊर्जा एवं चेतना का सन्देश प्रसारित किया गया। संत रामतिलक (योगाचार्य, योग आश्रम, रायपुर ), दामिनी साहू (जिला संयोजिका, धर्म जागरण ), दीपक सावर्णी (बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुर्ग) ने मंच से हिन्दुओं को संगठित होने का आह्वान किया। रामतिलक महाराज रायपुर ने अपने उद्बोधन से नगरवासियों को अभिभूत कर दिया। नारधी के युवाओं ने अखाडा प्रदर्शन कर सभी को रोमांचित और मंत्र मुग्ध कर दिया। सर्व हिन्दू समाज कुम्हारी द्वारा समस्त उपस्थित विशाल जन समूह को प्रसाद वितरित किया।

## साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष अश्वरी साहू को जिले में महासचिव की ज़िम्मेदारी



**पाटन।** जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू ने दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तहसील साहू संघ पाटन के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू को जिला साहू संघ दुर्ग का महासचिव मनोनीत किया है। अश्वनी साहू के महासचिव पद में मनोनयन पर तहसील साहू संघ पाटन के पाटन तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, डुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष, विमला साहू, संगठन सचिव, भुनेश्वरी साहू संगठन सचिव, महासचिव महेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू, पुरन लाल साहू वरिष्ठ सलाहकार, दिनेश साहू सलाहकार, अशोक साहूसलाहकार, मोरध्वज (मोनू) साहू, सलाहकार, दिलीप साहू सलाहकार, सरजुराम साहूसलाहकार, डॉ. सुरेश कुमार साह, गीता साहू, दिलीप साहू, हेमलता साहू, गंगादीन साहू, विनोद साहू, अनिल कुमार आदि ने बधाई प्रेषित की है।

**निधन**

## अनुभव दुबे



**दुर्ग।** सिकोला बस्ती दुर्ग निवासी अनिल दुबे के पुत्र अनुभव दुबे (28 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 दिसम्बर सोमवार को 12 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया

## बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक से मिला सीटू का प्रतिनिधि मंडल

# पृथ्वी को दस बार से ज्यादा लपेटने वाला रेलमिल मैनपॉवर और स्पेयर की किल्लत से जूझ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पृथ्वी को दस बार रेल से लपेटने वाली भिलाई इस्पात संयंत्र का रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल अब मेन पावर और कर्मियों से संबंधित कई समस्याओं से जूझ रहा है। इसके चलते कर्मियों को परेशानी हो रही है। सीटू ने प्रबंधन से जल्द समस्याओं के निदान की मांग की है। रेल मिल संयोजन समिति के कृष्ण कुमार देशमुख के साथ पदाधिकारियों ने बीएसपी के विभागीय मुख्य महाप्रबंधक से मिलकर मिल की समस्याओं से रुबरु कराते हुए जल्द समाधान की मांग की। सेवानिवृत होने के कारण लगातार तेजी से कम हो रहे स्थाई कर्मियों के बीच उच्च प्रबंधन ने 20% ठेका श्रमिकों को कम करने का आदेश जारी कर दिया है लेकिन रेल मिल मैन्युअल मिल होने के कारण पर्याप्त मैनपॉवर के बिना उत्पादन करना संभव नहीं है । इसीलिए रेल मिल में मैनपॉवर का रिव्यू कर उचित समाधान निकाला जाना जरूरी है मिल के अंदर काम करने वाले ठेका श्रमिकों के भी ट्रेंड नहीं होने से कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। मजदूरों के उचित ट्रेनिंग का इंतजाम किया जाना आवश्यक है । सीटू के मुताबिक अब ठेका श्रमिकों में भी लगातार पढ़े लिखे युवा आ रहे हैं,उनको यदि उचित ट्रेनिंग दिया जाए तो मिल के उत्पादन एवं कार्य प्रणाली में सुधार होगा।



### श्रमिकों के लिए सजग हो ऑपरेटिंग अथॉरिटी

मजदूरों की हाजिरी के अनुसार वेतन ना देना और हाजिरी के अनुसार वेतन देने के बाद उसमें से एक हिस्सा ठेका मजदूरों से वापस ले लेना वर्तमान समय में पूरे संयंत्र में सामान्य हो गया है। इस कारण न्यूनतम वेतन देने का दावा करने के बाद भी ठेका श्रमिकों को न्यूनतम वेतन नहीं मिलता है । श्रमिकों को जो वेतन दिया जाता है उसमें से ठेकेदार या उनके सुपरवाइजर द्वारा पैसा वापस ले लिया जाता है। मना करने गेट पास छीन लिया जा रहा है। सीटू पदाधिकारियों ने बताया कि इसे रोकने में संयंत्र के अन्य विभागों के ऑपरेटिंग अथॉरिटी के साथ रेल मिल के ऑपरेटिंग अथॉरिटी अक्षम नजर आ रहे हैं। रिवर्स ऑक्शन में ठेका उठाने व किसी भी तरह से कार्य को पूरा करवाने के लिए स्थानीय प्रबंधन और ठेकेदारों के ढुलमुल रवैये से पैसा वापस लेने को रोकने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन पाई है।

### रस्म अदायगी ना हो सुरक्षावार्ता

सीटू नेता ने बताया कि बीएसपी के अधिकांश अनुभागों में सेफ्टी टॉक केवल खानापूर्ति बनकर रह गया हैं जिसमें फोटो खींचा जाता है और अपलोड कर दिया जाता है। रेल मिल मे असुरक्षित कार्य बढ़ गया है । रेल मिल में इंज्यूरी फार्म नहीं भरने का मामला भी बढने लगा है । इसके अलावा मिल के अंदर चोरी की घटनाएं भी तेजी से बड़ी है यह मामला भी सुरक्षा से जुड़ा हुआ है ।

### कैंटीन व्यवस्था को दुरुस्त करें

सीटू ने कहा कि प्रबंधन के अधिकारी व मान्यता यूनियन के साथ कैंटीन मैनेजिंग कमेटी का निर्माण किया जाता है जिसकी जिम्मेदारी कैंटीन व्यवस्था को दुरुस्त करके रखना होता है लेकिन मौजूदा समय में कैंटीन की व्यवस्था चरमरा रही है । कैंटीन का टेंडर होते समय दो या तीन ठेकेदार सभी कैंटीनों को उठा लेते हैं। स्वयं ना चला कर उन कैंटीनों को पेटी ठेकेदारों पर दूसरे लोगों को चलाने के लिए दे दिया जाता है । पेटी ठेकेदार दो से तीन स्तर तक नीचे आ जाता है जिसके कारण न्यूनतम लाभ कमाने के प्रयास में खाने की क्वालिटी खराब हो रही है। यूनियन ने बताया कि कई स्पेयर में नहीं मिलते हैं। सीजीएम द्वारा मिल व कर्मियों की मांगों को लेकर आश्वस्त किया है।

## पाटन के अधिकारी-कर्मचारी जिला स्तरीय आंदोलन में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर तीन दिवसीय आंदोलन 29, 30, 31 दिसम्बर को किया जाएगा। महेन्द्र कुमार साहू ब्लाक संयोजक ने बताया कि कर्मचारी अधिकारियों ने मोदी की गारंटी लागू करो अनिश्चित कालीन आंदोलन में एकजुटता के साथ भाग लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन राज्य सरकार से लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर किया गया जाएगा। 11 सूत्रीय मांगें हर कर्मचारी की आर्थिक सामाजिक गरिमा से जुड़ी हैं, जिनमें पाटन के कर्मचारी शामिल होंगे।डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय स म य मा न वेतनमान दिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चि कि त सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण की जाए। प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू की जाए। अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए। दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने।सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जाए।

## पाटन के वार्ड-8 में बंटे उज्जवला गैस के कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन के वार्ड 8 में एक सराहनीय सामाजिक पहल देखने को मिली। इस अवसर पर वार्ड की एक जरुरतमंद हितग्राही महिला को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। गैस कनेक्शन मिलने पर हितग्राही परिवार के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्डवासियों का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे अपने वार्ड के प्रति सदैव सजग और संवेदनशील रहते हैं। वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय-समय पर आम जनता तक पहुंचाते रहते हैं, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिलेगी और उनका स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहेगा। गरीब, असहाय और जरुरतमंद परिवारों के लिए आभाष दुबे मसीहा के रूप में सामने आए हैं। चाहे राशन, गैस कनेक्शन, आवास या अन्य शासकीय योजनाएं हों, वे हर संभव प्रयास कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने में जुटे रहते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पूर्व ओएसडी श्री आशीष वर्मा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा के ऐसे ही कार्य आगे भी जारी रहने की कामना की।



## कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस पर कुम्हारी में एकजुट हुए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

रविवार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर नगर कांग्रेसी बड़ी संख्या में बाजार चौक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर 140 वीं गौरवशाली स्थापना वर्ष को हर्षउल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर कॉग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने समस्त कांग्रेस पार्टी के सदस्यों को बधाई देते हुए पार्टी के जन्म से लेकर 140 वर्षों के संघर्षों को याद किया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की रीतिनीति, विचार, कार्यप्रणाली एवं विकास के संबंध में अपनी बात रखी। राकेश ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी का अहम योगदान रहा है कांग्रेस पार्टी एक राजनैतिक पार्टी के साथ-साथ एक विचारधारा है जिसे आगे बढ़ाने का कार्य पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बड़ी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में कुम्हारी ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, कांग्रेसी पार्षद ओमनारायण वर्मा, लेखराम साहू, लता खैरवार, ललिता ध्रुव, जानकी ध्रुव, पूर्व पार्षद मनहरण यादव, महेश सोनकर, थनेश पटेल, रीना साहू युवराज साहू, विजय वर्मा , एसआर पाटिल, पप्पू गुप्ता, कमल कमलेसिया एवं मधु यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीराम–श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



बस स्टैण्ड बस्ती रोड गांधी नगर अण्डा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत दिनांक 28 दिसंबर को श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म का दिव्य प्रसंग श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कथा के कथावाचक पं. डॉ. दिग्विजय शर्मा ने श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के अवतार का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि भगवान का जन्म अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन आदर्श, त्याग और सत्य का प्रतीक है, वहीं श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रेम, कर्म और भक्ति का संदेश देती हैं। इस अवसर पर परायणकर्ता पं. सत्यम शर्मा द्वारा विधिवत शास्त्रोच्चारण एवं भागवत पाठ किया गया, जिससे कथा स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्म की लीलाओं को सुनकर भाव-विभोर हो उठे। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई।

## अछोटी में श्रीराम कथा प्रवचन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा स्थित ग्राम अछोटी पोस्ट विनायकपुर दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन भजन कार्यक्रम का आयोजन भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस दौरान आसपास के गांवों से 5000 हजार के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और हरिनाम संकीर्तन का आनंद लिया। वाचन पं. कामता प्रसाद शरण द्वारा किया जा रहा है। कथा के अंतिम दिन रविवार को पंडित शरण ने भगवान श्रीराम के 1-14 वर्षों के वनवास, मारुति नंदन हनुमान के जन्म सहित कई प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

## मर्रा कॉलेज ने विद्यार्थियों को टमाटर सॉस बनाने का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा के बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अधिष्ठाता डॉ. अनिल वर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश परगनिहा के नेतृत्व में रावे, रेडी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बेलौदी में किया गया। रावे कार्यक्रम के अंतर्गत टमाटर से कैचप एवं सॉस बनाने के प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. किरण कुमार नागराज द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को टमाटर प्रसंस्करण की तकनीक, उसकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने की विधियाँ, आवश्यक सामग्री, स्वच्छता, उपयोग, मापदंड तथा छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में टमाटर आधारित उत्पादों के लघु उद्योग शुरू करने के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

कार्यक्रम में गाँव के कई उत्साही ग्रामीणों ने सहभागिता की, जिनमें प्रमुख रूप से इन्द्रजीत बघेल, पूर्णिमा, कल्पना वर्मा, केवरा वर्मा, फूलश्वरी, मनीषा वर्मा, अमीशा साहू, रतना, उमा, रेणुका, रामदुलारी , कन्हैया, रामबती, कृष्णाकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।

## जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को लेकर जगह-जगह कार्यक्रम

# देश को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा देने वाला कार्यक्रम है मन की बात : ललित चन्द्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नेवई बस्ती वार्ड 33 बूथ नंबर 185 में कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 129वीं कड़ी का श्रवण किया। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी अपनाने, देश में निर्मित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्र को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री निरंतर जनभागीदारी, नवाचार, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 को भारत के लिए उपलब्धियों से भरा गौरवशाली वर्ष बताया। उन्होंने देश की सुरक्षा, खेल, विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक सफलताओं का उल्लेख किया। उन्होंने खिलाड़ियों और पैरा-एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा युवाओं के नवाचारों और स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन जैसे मंचों की सकारात्मक भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए सभी देशवासियों को वर्ष 2026 के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विनोद श्रीवास्तव, प्रेमलाल निर्मलकर, पार्षद विधि यादव, उपेंद्र रिगरी, भूपेन्द्र बेलचंदन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम के संदेश को आत्मसात करने लिया संकल्प



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी में वर्ष के अंतिम मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जनभागीदारी से जुड़े पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लीकेश्वर देशमुख अंडा निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष, राजू चंद्राकर अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, डोमन चंद्राकर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति चंदखुरी, भूपेन्द्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य, पोषण देवांगन विधायक प्रतिनिधि, संजय बघेल, सुशील देवांगन, बूथ अध्यक्ष, किशन यादव पूर्व पंच, घनश्याम साहू (पंच) सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित, सामाजिक सरोकार, युवाओं की भूमिका एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर रखे गए विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। उपस्थित जनों ने मन की बात को प्रेरणादायी बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक इसके संदेश को पहुंचाने का संकल्प लिया।

### ढौर में सुनी गई मन की बात



**सेलूद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात के 129 कड़ी पाटन विधानसभा के ग्राम ढौर में सुनी गई जिसमें मन की बात के प्रभारी हरप्रसाद आडिल स्थानीय साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष रामलाल साहू मायाराम यादव सुखराम विश्वकर्मा मीराबाई रजनी कोरिया रोमनाथ हिरवानी काशीराम साहू इत्यादि वरिष्ठ गण उपस्थित थे।

# गुजरता साल 2025...

# इन प्रमुख घटनाओं के लिए याद किया जाएगा साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

साल 2025 गुजरने को है। महज तीन दिन ही साल में शेष बचे हैं। काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नए साल के स्वागत और सैलिब्रेशन की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बीच दुर्ग जिले में साल 2025 में हुई बड़ी घटनाओं के लिए यह साल याद किया जाएगा। हादसे और आपराधिक घटनाएं साल में प्रमुख रहीं। हरिभूमि ने इन घटनाओं को रिकॉल किया है। जिले में इस साल पिछले कई सालों की तुलना में हत्या की घटना सबसे ज्यादा हुईं। इसके अलावा जिले को मंत्री के रूप में गजेंद्र यादव मिले। उन्हें शिक्षा और विधि-विधायिका जैसा मिला। दुर्ग नगर निगम को नया महापौर मिला। भाजपा से अल्का बाघमार चुनाव जीतकर आईं। नई परिषद का गठन हुआ। इतना ही नहीं राष्ट्रीय संतों का भी इस बार अन्य सालों की तुलना में आगमन ज्यादा हुआ। इस प्रकार अच्छी-बुरी यादों के बीच यह साल गुजरने के लिए तैयार है। लोग नए साल के स्वागत के लिए तैयार है।



## ओम नगर उरला में हृदय विदारक घटना सामने आई, चाचा ने कर दी हत्या

इस साल जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में नौ माह पहले सगे चाचा ने अपनी ही भतीजी के साथ रेप कर उसे मौत के घाट उतार दिया था, जिसे लेकर दुर्ग क्षेत्र काफी उबल गया था। काफी सुर्खियों में रहा कई सामाजिक संगठनों ने धरना प्रदर्शन कर कार में जमकर तोड़फोड़ की थी। इसमें पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया था। घटना 6 अप्रैल 2025 की है। 6 साल की बच्ची नवरात्र के दिनों में कन्या भोज के लिए घर से निकली थी। चाचा बच्ची को अपने घर के ऊपर की मंजिल में बने कमरे में ले गया। अपनी भतीजी से रेप कर उसे मार डाला। मौत के बाद बच्ची की लाश को कार की डिक्की में छिपा दिया। इस घटना के बाद जमकर हंगामा हुआ। मोहन नगर थाने में तनाव की स्थिति बनी। घटना समय मामला ब्लाइंड मर्डर का था, बाद में आरोपी पकड़ा गया।

## लिव इन का हुआ खौफनाक अंत



चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज के पास बोरी में बंद मिले महिला की लाश से सनसनी फैल गई थी। जब बोरी को खोलकर देखा गया तो सबकी आंखे फटी की फटी रह गई। महिला का चेहरा बुरी तरह खराब हो चुका था। शिनाख्त करने में सुपेला पुलिस को दिक्कतों का सामना करना पड़। लाश की जानकारी 13 दिसंबर को शहर के बीच में नाले के पास पड़ी मिली थी। पुलिस महिला के शव की फोटो को आसपास के थानों और सोशल मीडिया में वायरल करने के बाद परिजन सुपेला थाने पहुंचे थे। महिला के दोनों हाथ में लोहे का रिंग, दाय कान में टाप्स, फिरोजा रंग का पेटिकोट साथ ही महिला के बांए हाथ में 7 स्टार बना हुआ था। उक्त सभी चीजों को देखने के बाद परिजनों ने शव का शिनाख्त सुपेला निवासी भारती उर्फ आरती निर्मलकर के रुप में हुई थी। महिला दो पति पहले से छोड़ चुकी थी, तीसरे के साथ लिव इन में 6 माह से रह रही थी। नशे की आदि थी, कैंटरिंग का काम करती थी। बाद में पता चला लाश को ठिकाने लगाने तुलाराम ने आटो चालक शक्ति भोयार, गोवर्धन बंजारे ने मिलकर लगाया था।

## दादी-पोती हत्याकांड सामने आया, महीनों बाद हुआ था खुलासा



पुलगांव थाना क्षेत्र के चौकी अंजोरा के ग्राम गनियारी में दादी पोती की हत्या धारदार हथियार से की गई थी। 17 माह तक पुलिस को कोई क्लू नहीं मिला था। पुलिस खासी परेशान थी सब हत्याकांड को भूलने लगे थे तभी चमत्कार हुआ। पुलिस ने हत्याकांड में नाबालिग का प्रेमी और उसके दोस्त को 1 अक्टूबर को पकड़ा गया। 6 मार्च 2024 की रात। ये वही रात है, जब दुर्ग के गनियारी गांव में डबल हत्या हुआ। 3 लोगों ने मिलकर पहले पोती सविता साहू 17 वर्ष को कुल्हाड़ी से काटा, फिर दादी राजवती साहू 62 वर्ष को चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। दोनों की लाश को आंगन में फेंक दी। खून से सने हथियारों को तालाब में धो दिया, ताकि सबूत न मिले। 7 मार्च को पुलिस को खून से सनी लाशें मिलीं थीं। 62 संदिग्धों से पूछताछ की गई। कई महीनों की जांच के बाद अहमदाबाद, रायपुर में दोनों आरोपियों समेत 8 लोगों का ब्रेन मैपिंग और नार्को टेस्ट भी कराए गए। दादी पोती हत्याकांड का आरोपी सविता का बॉयफ्रेंड चुमेंद्र निषाद और उसके दोस्त पंकज निषाद निकला।

**खबर संक्षेप**

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आईपीएस प्रखर पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि



दुर्ग। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को दुर्ग प्रवास के दौरान सेक्टर-9 स्थित वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी स्वर्गीय प्रखर पाण्डेय के निवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि प्रखर पांडेय एक अच्छे और ईमानदार पुलिस अधिकारी थी। उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में लंबे समय से तक सेवाएं दीं। उनके कामों को लेकर हमेशा उन्हें याद किया जाएगा।

### धान संग्रहण केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

दुर्ग। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 2,57,972 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। वर्तमान में जिले की 120 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है, जिनके माध्यम से डिलीवरी ऑर्डर के जरिए धान का उठाव किया जा रहा है। समितियों से उपार्जित धान के सुरक्षित भंडारण हेतु जिले में धान संग्रहण केंद्रों की कार्ययोजना तैयार की गई है। शासन की योजना के अनुसार दुर्ग जिले के धान संग्रहण केंद्रों में अन्य जिलों से उपार्जित धान का भी भंडारण किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर सिंह द्वारा जिले के सभी प्रमुख धान संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोड़यिा, जेवरा-सिरसा, अरसनारा एवं सेलूद स्थित धान संग्रहण केंद्रों में पहुंचे।

## 25 थाना और 5 चौकियों में अपराध के सबसे अधिक मामले मारपीट के

# 10828 अपराध दर्ज, जिसमें 53 से ज्यादा हत्याएं, 183 रेप और 46 लूट की घटनाएं...

*वर्ष 2025 में दुर्ग जिले में अपराधों का ग्राफ पिछले साल की तुलना में बढ़ा है, जिसे रोकने में पुलिस आगे रही लेकिन 53 हत्या के मामलों में अब भी दो आरोपी फरार है। इसके अलावा 183 रेप और 46 लूट के मामले सामने आए हैं। दुर्ग जिले में 25 थाना और 5 चौकी हैं। जिले में 20 लाख से अधिक की आबादी है, जहां रोज दिगर राज्यों से लोग कमाने पहुंच रहे हैं। लेकिन थाना क्षेत्रों में उनका पूरा डाटा आज भी नहीं रहता है। इसके कारण कई बार अपराध कर आरोपी मौके से भाग जा रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिले की पांच पुलिस चौकियों में अपराध बेलगाम हैं। इसमें सबसे अधिक अपराध वाला चौकी स्मृति नगर है। जहां मारपीट, प्राणघातक, हमला और ठगी के कई मामले लगातार सामने आए। दुर्ग जिले के थानों में कुल 10828 अपराध दर्ज हैं। इसमें थाना सुपेला अपराध की श्रेणी में जिले में टॉप पर है। यहां जनवरी से दिसंबर तक अपराधों की संख्या 1520 है जो जामुल, सिटी कोतवाली, मोहन नगर मिलाकर सभी 25 थानों में सबसे अधिक है। इसमें चोरी, हत्या, लूट जैसे बडे अपराध भी शामिल हैं। वहीं दूसरे स्थान पर थाना जामुल है, जहां सबसे कम अपराध जामगांव आर थाने में महज 77 अपराध दर्ज हैं।

### पुलिस ने हत्या के सारे मामलों को किया ट्रेस



### जिले में सबसे ज्यादा अपराध वाला थाना है सुपेला

जानकारी के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा अपराध वाला थाना सुपेला है,




जहां वर्ष 2025 में अब तक 1520 मामले दर्ज हो चुके हैं। इसके अलावा जामुल में 979, भिलाई नगर में 709, मोहन नगर में 760, दुर्ग कोतवाली 704 अपराध दर्ज हुए हैं। साइबर थाने में सबसे कम 11 अपराध दर्ज रजस्टिर्ड किए गए हैं, जबकि ज्यादातर शिकायतें साइबर क्राइम से ही जुड़ी हैं। इसके अलावा धमधा में 200, जामगांव आर में 77, खुर्सीपार में 344, कुम्हारी में 254, महिला थाना में 82, नंदिनी में 345, नेवई में 427, अमलेश्वर में 171, अंडा में 125, भट्ठी में 183, बोरी में 154, छावनी में 651, पद्मनाभपुर में 563,पाटन में 305, पुलगांव में 668, रानीतराई में 122, उतई में 523, वैशाली नगर में 435 अपराध दर्ज हुए हैं।

### अक्टूबर में हत्या की सबसे ज्यादा घटनाएं, 13 मर्डर

पुलिस विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा हत्याएं अक्टूबर माह में हुई। 13 मर्डर हुए। इसके अलावा जनवरी में 3, मार्च में 1, अप्रैल में 5, मई में 3, जून में 3, जुलाई में 4, अगस्त में 7, सितंबर में 5, अक्टूबर में 13, नवम्बर में 6, दिसंबर में 3 हत्या की घटना सामने आ चुकी है। पुलिस अब तक हत्या के सामने आए लगभग सभी मामलों में आरोपियों तक पहुंच चुकी है। बता दें कि अक्टूबर माह में हुई 13 हत्या की घटनाएं प्रदेश में संभवतः सबसे ज्यादा है। पिछले कुछ समय में दुर्ग और भिलाई में हत्या की घटनाएं सबसे ज्यादा हुई है। बावजूद इसके पुलिस इन हत्या की घटनाओं में अंकुश लगाने में विफल रही है।

### नशाखोरी और तस्करी के मामले बढ़े

आंकड़ों के मुताबिक जिले में जितने भी अपराध बढ़े हैं, इन सबका बड़ा कारण नशा ही माना जा रहा है। गांजा, चट्टि, चरस, ब्राउन शुगर, शराब की तस्करी के मामले सामने आए हैं। सभी नशे के सामान जिले में बेखौफ तरीके से बिक रहे हैं। इसके चपेट में नाबालिग, स्कूल, कालेज के छात्र अधिक आ रहे हैं। नशे को रोकने के लिए पुलिस ऑपरेशन विश्वास चला रखा है लेकिन पूरी तरीके से 2025 में तस्करों पर अंकुश नहीं लग पाया है। एनडीपीएस के मामले में जनवरी से माह अक्टूबर 2025 तक कुल 111 प्रकरण में 258 को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से गांजा 750 किलो ग्राम, अफीम 48.08 ग्राम, ब्राउन शुगर 25.48 ग्राम, हेरोईन 559.68 ग्राम, टेबलेट 75404 नग और सिरप 124 नग जब्त किया गया है।



### अपराध कंट्रोल करने में मिली सफलता



जिले में अपराधों को कंट्रोल करने का हर संभव प्रयास किया गया। इसी का नतीजा है कि हत्या के सारे मामलों को पुलिस ने ट्रेस कर लिया।अन्य अपराधों में भी पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। अपराध करने वालों की असली जगह जेल ही है। वर्ष 2025 पुलिस के लिए बेहतर साबित हुआ।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

## दुर्ग निगम को मिला महापौर

# अल्का बनीं थीं तीसरी महिला मेयर



### नगर निगम गठन के बाद नगर निगम दुर्ग में 12 महापौर का हो चुका निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

2025 की शुरुआत में दुर्ग निगम को महिला महापौर के रूप में अल्का बाघमार मिलीं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू को सीधे मुकाबले में हराया। वे दुर्ग निगम की तीसरी महिला महापौर हैं। इससे पहले सरोज पांडेय, चंद्रिका चंद्राकर भी महापौर रह चुकी हैं। सरोज पांडेय दुर्ग निगम की दो बार मेयर रहीं। 11 फरवरी को निकाय चुनाव के लिए वोट डाले गए। वहीं 15 फरवरी 2025 को काउंटिंग के बाद बाघमार ने जीत हासिल की। उन्होंने महापौर पद की शपथ ली। 31 मार्च को उन्होंने अपनी महापौर परिषद का गठन किया। यह चुनाव कई मायनों में खास रहा। इससे पहले शहर सरकार में कांग्रेस के मेयर धीरज बाकलीवाल काबिज थे, जिन्होंने अप्रत्यक्ष चुनाव में महापौर का पद जीता था। पार्षदों ने उन्हें महापौर नियुक्त किया था। वहीं बाघमार ने प्रत्यक्ष चुनाव में जीत हासिल की। दुर्ग निगम में अब तक गठन के बाद 12 मेयर चुने जा चुके हैं।

- 15 फरवरी को कांग्रेस से सीधे मुकाबले में बाघमार को मिली थी जीत

### दुर्ग निगम का गठन वर्ष 1918 में हुआ 1981 में बना निगम, वर्तमान में है 60 वार्ड

बता दें कि वर्ष 1918 में दुर्ग नगर पालिका परिषद बना। इसके बाद 1981 में नगर निगम का गठन किया गया। इसके बाद से सुच्चा सिंह ढिल्लो, आलमदास गायकवाड़, गोविंदलाल धींगरा, शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, सरोज पांडेय, डॉ. शिवकुमार तमेर, चंद्रिका चंद्राकर, धीरज बाकलीवाल महापौर रह चुके हैं। वर्तमान में अल्का बाघमार महापौर हैं। एक बड़े जनधार और वोटों के अंतर के जीत के साथ वे महापौर बनी हैं।

## इस साल दो नामी कथा वाचकों का शहर में हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



बीते साल वर्ष 2025 धर्ममय रहा। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले दो बार दुर्ग पहुंचे। सावन महीने में सिविक सेंटर स्थित जयंती स्टेडियम में पं. मिश्रा की शिवमहापुराण कथा हुई। उसके बाद दुर्ग नगपुरा में पं. मिश्रा की दिसंबर महीने में शिवमहापुराण कथा श्रद्धालुओं को मिली। 25 दिसंबर से श्री दिव्य हनुमंत कथा सिविक सैंटर स्थित जयंती स्टेडियम में आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम ने हनुमंत कथा सुनाई । दिव्य दरबार भी लगा। पं. शास्त्री की यह शहर में पहली कथा रही। शिवमहापुराण कथा और हनुमंत कथा में लाखों श्रद्धालु जुटे। आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ पड़ा कि इस शहर में धर्म के इतिहास में सबसे बड़ा जनसमूह दर्शित हुआ।

- राष्ट्रीय संत पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण और पं. धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा की चर्चा

### शिक्षा मंत्री बने गजेंद्र यादव



वर्ष 2025 दुर्ग जिले के लिए राजनैतिक दृष्टिकोण से बड़ी उपलब्धि का रहा। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को छत्तीसगढ़ का स्कूल शिक्षा मंत्री 20 अगस्त 2025 को बनाया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें यह महत्वपूर्ण विभाग सौंपा गया। श्री यादव वर्ष 1995 से छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत की थी। स्कूल शिक्षा मंत्री बनने के बाद शिक्षा में व्यापक सुधार लाया जा रहा है।

## जैसे एप लॉन्च कर 150 से अधिक चोरी के मामले किए ट्रेस

# पुलिसिंग में डिजिटल प्लेटफार्म की हुई शुरुआत सशक्त, अनुभव, त्रिनयन से की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिले में बेहतर पुलिसिंग के लिए वर्ष 2025 डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग के लिए याद किया जाएगा। प्री डिटेक्टि पुलिसिंग के रूप में पिछले करीब एक साल से काम किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उपयोग शुरू किया है, जिससे पुलिस को अपराध होने से पहले कई जानकारी जुटाने में मदद मिल रही है।

इन टूल्स और गैजेट्स के उपयोग से जिले में अपराधों का ग्राफ तेजी से नीचे आया है। स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर भी काम किया जा रहा है। पुलिस ने जनवरी से दिसंबर 2025 में साइबर प्रहरी, अनुभव, त्रिनयन और सशक्त एप को लॉन्च कर चोरी के कई बड़े मामले सुलझाए हैं। आईजी राम गोपाल गर्ग ने इन टूल्स और ऑनलाइन प्लेटफार्म के उपयोग को लेकर ज्यादा गंभीरता दिखाई है, जो जिले की पुलिस को काम करने में शानदार कार्य को दिखाती है। पुलिस व्यवस्था को अधिक सशक्त, तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से कई अभिनव पहले सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है। न केवल अपराधों के नियंत्रण में सहायता मिली है, बल्कि पुलिस और आम नागरिकों के बीच एक अटूट विश्वास और सुदृढ़ बना है। सशक्त एप्लीकेशन से जिले 26 थानों में वाहन चोरी, संदिग्धों वाहनों तक पहुंचकर 150 से अधिक मामलों का खुलासा हो पाया है। इससे अपराध रोकथाम, विवेचना को भी मजबूती मिल रही है। इसमें वाहन चोरी के प्रकरणों में सफलताएं पुलिस को लगातार मिल रही है। एक दौरा यह भी था की चोरी के वाहनों को ट्रेस करने में कई बार सालों लग जाते थे कई बार आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच पाती थी। लेकिन सशक्त एप्लीकेशन आने चोर, अपराधियों की मानों सामत आ गई है।

### त्रिनयन एप को 39 हजार सीसीटीवी कैमरों से जोड़ा गया

त्रिनयन योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में करीब 39 हजार सीसीटीवी कैमरों का लोकेशन जियो-टैगिंग कर उन्हें पुलिस नेटवर्क से जोड़ा गया है। यह प्रणाली अपराध होने की स्थिति में घटनास्थल के आसपास उपलब्ध सीसीटीवी कैमरों की पहचान में सहायक साबित हो रही है। कई गंभीर आपराधिक प्रकरणों में पुलिस के लिए सफल हो रहा है। त्रिनयन के लांच के बाद से लूट, चोरी, अपहरण और कई बड़े अपराधों में त्रिनयन एप्लीकेशन कारगर साबित हो रहा है। दुर्ग जिले में चौक-चौराहों पर लगे सीसी कैंमरों की मदद से 20,041 लोकेशन ट्रेस करना संभव हो पाया है। बाद अपराधियों को बड़े आसानी से ट्रेस कर जेल तक पहुंचाया जा रहा है।

### रोज हो रहे दो लाख लोग जागरूक

साइबर प्रहरी अभियान के तहत प्रतिदिन 2 लाख से अधिक नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सोशल मीडिया, व्हाट्सअप ग्रुप्स, जनसंपर्क माध्यमों से चलाए जा रहे अभियान में पुलिस सफलता दिखाई दे रही है। साइबर प्रहरी साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अपराधों को रोकना है। जागरूकता के चलते साइबर अपराध के मामलों में कमी लाने की दिशा में यह ठोस कदम है। साइबर प्रहरी से लोग ठगी के शिकार होने से बचते जा रहे है। कई लोग जो ठगी के शिकार हो रहे उनके रकम भी होल्ड कराया जा रहा है।

### एआई आधारित टूल्स का किया जा रहा उपयोग, बनाए जा रहे स्कैच



साइबर नोडल अधिकारी डॉ संकल्प राय ने बताते हैं कि प्री डेक्टिव पुलिसिंग तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है, जो डेटा और एआई का उपयोग करके अपराधों की प्रगति का अध्ययन किया जा रहा है। अपराध को रोकने का प्रयास पुलिस कर रही है। इसमें एल्गोरिदम ऐतिहासिक डेटा (अपराध रिकॉर्ड, सोशल मीडिया गतिविधि आदि) का विश्लेषण करते हैं। इससे यह पता लगाया जा सकता है कि अपराध कहां और कब हो सकते हैं, या कौन से व्यक्ति अपराध करने या उसका शिकार बनने के जोखिम में हैं। यह पुलिस को अपने संसाधनों (जैसे पेट्रोलिंग) को अधिक प्रभावी ढंग से लगाने में मदद करता है, लेकिन इसमें निष्पक्षता और पूर्वाग्रह के मुद्दे भी शामिल होगें। अपराध कंट्रोल करने पुलिस ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल कर रही है।

### सशक्त एप का एक्सेस आम लोगों के पास



साइबर प्रहरी, त्रिनयन, अनुभव और सशक्त ऐप का लाभ पुलिस को मिल रहा है। लाखों लोग ठगी जैसे वारदातों से जागरूक हो रहे हैं। जिले में अपराधों में काफी कमी आई है। जल्द ही सशक्त ऐप का एक्सेस आम लोगों को दिया जाएगा। स्मार्ट पुलिसिंग जैसे नवाचार सफलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है।

-राम गोपाल गर्ग, आईजी दुर्ग रेंज

इनपुट : जेएम तांडी ■ डिजाइनर : प्रकाश दास मानिकपुरी

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



03



हैंगिंग लेग रेजेस विद मेडिसिन बॉल


## लाइव इवेंट

### गर्ल्स कॉलेज ने क्रिकेट का फाइनल मैच 100 रन से जीता, मानसी रहीं श्रेष्ठ खिलाड़ी



**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 8 टीमों ने हिस्सा लिया। कन्या महाविद्यालय का पहला मैच शासकीय महाविद्यालय कवर्धा के साथ हुआ, जिसमें कवर्धा महाविद्यालय मात्र 39 रन बना के ऑलआउट हो गई। महाविद्यालय की रागीता लाकरा ने 6 विकेट लिए और मात्र 5 रन दिए। वहीं मानस्वी निर्मलकर ने 10 रन देकर 3 विकेट लिए। चंचल यादव ने 1 विकेट लिया। वहीं महावियालय की टीम ने बिना कोई विकेट खोए 3 ओवर में 39 रन बनाया। मानसी मौर्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 2 छक्के और 4 चौके की मदद से पूरे रन बना दिया। इस मैच मेम ऑफ द मैच रंगीता लाकरा रहीं। सेमीफाइनल में कमला देवी महाविद्यालय राजनांदगाव को हराकर फाइनल में जगह बनाई। कमला देवी महाविद्यालय राजनादगांव की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 11 ओवर में मात्र 31 रन बनाकर पूरी टीम ऑलआउट हो गई, वही मानश्री मौर्या और मानसी सिंह ठाकुर ने 2 ओवर में लक्ष्य पूरा कर लिया। इस मैच में मैन आफ द मैच मनस्वी निर्मलकर को दिया गया। उन्होंने 4 विकेट लिया 2 रन देकर।

■ हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

फाइनल मैच में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग को परास्त कर पिछले 15 साल के जीत का रिकॉर्ड बनाए रखा। विज्ञान महाविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। 15 ओवर में कन्या महाविद्यालय दुर्ग के 2 विकेट खोकर 162 रन बनाए। वहीं विज्ञान महाविद्यालय मात्र 50 रन पर ऑलआउट हो गई। कन्या महाविद्यालय 100 रनों से विजेता रहा। महाविद्यालय की कप्तान मानसी मौर्या के शानदार बल्लेबाजी करते हुए 3 छक्के एवं 6 चौके लगाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। महाविद्यालय की टीम में मानुश्री मौर्या कप्तान, मानसी सिंह ठाकुर विकेट कीपर, प्रिया साव, मनस्वी निर्मलकर, रंजीता लाकरा, चंचल यादव, रिया सिंह, शिल्पा मिंज, धारिणी गौतम, गितेश्वरी, पूर्वा देवांगन, अंकिता एवं अंजनी शामिल थीं। टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे एवं कोच विमल यादव रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, गणेश राम नायक, दीपक ठाकुर ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## सिटी इवेंट

### प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ रोजगार से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए दिया मार्गदर्शन




**भिलाई।** बैतुलमाल कमेटी ने शैक्षणिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन मुस्लिम कम्युनिटी हॉल सेक्टर 6 में किया। इस कार्यक्रम में अनुदान, प्रोत्साहन राशि से विभिन्न स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे 8 वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट के बेहतर भविष्य तराशने के लिए सहयोग प्रदान किया गया। चयनित 59 छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा और सामाजिक कार्य के क्षेत्र के अग्रणी लोगों ने अपने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं एवं इनके अभिभावकों को स्कूल में पढ़ाए जा रहे सभी विषयों पर चर्चा की एवं उनकी रुचि के हिसाब से विषय चुनने के अलावा कई अन्य विषय और कोर्स की जानकारी दी।

■ बैतुलमाल कमेटी के एक दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम का सफल आयोजन

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी भी दी। परीक्षा में कम या मध्यम प्राप्तांक लाने वाले स्टूडेंट का भी हौसला बढ़ाया गया। उन्हें रोजगारोन्मुखी कोर्स की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई जिससे वे बेहतर जीवन यापन कर सकें। मुख्य अतिथि मस्जिद ट्रस्ट के सदर एम आसिम बेग ने स्टूडेंट को अच्छे प्राप्तांक लाने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी योग्य स्टूडेंट को निराश होने की जरूरत नहीं है, बैतुलमाल कमेटी उनकी आगे की शिक्षा की जिम्मेदारी ले लेगी, बस आपको अपनी काबिलियत दिखानी होगी। आरिफ खान फाउंडर सीईओ इनोवेडास ने विभिन्न विषयों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी स्टूडेंट से सीधा संवाद करते हुए दोस्ताना माहौल में मार्गदर्शन दिया। दूसरे वक्ता कॉरपोरेट ट्रेनर रोशन रिज़वी ने अपने उद्बोधन में स्टूडेंट की हौसला अफजाई करते हुए कई मिसालें दी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा में किसी भी नाकामी से अवसाद व तनावग्रस्त होने के बजाए फिर प्रयास कर सफलता अर्जित करने हेतु स्टूडेंट को प्रेरित किया। शेख एकेडमी के निदेशक शेख मुख्तार ने स्टूडेंट का मार्गदर्शन किया और सदैव छात्रों एवं समाज हित के लिए अपनी सेवाएं देने की बात कही। कार्यक्रम में अब्दुल हफीज़ व अब्दुल जाकिर खान, उपाध्यक्ष अलीम सिद्दीकी, वरिष्ठ सदस्य सैयद आतिफ अली, अवध अहमद, इमरान बेग, मुहम्मद जावेद, शेख मुख्तार, शकील अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

● सनातन धर्म को सुरक्षित व हिंदुओं को एकजुट रखने, राष्ट्रवाद पर ध्यान केंद्रित करने की अपील

# हनुमान ही भगवान शंकर के रुद्रावतार, श्रीराम से उनका संबंध आत्मा व परमात्मा जैसा, लोग रील के बजाए भक्ति में बिताएं समय

**भिलाई। हनुमंत कथा के चौथे दिन रविवार को उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, सांसद संतोष पाण्डेय, आरएसएस के पूर्णेंद्र सक्सेना, बिसरा राम यादव, भूपेंद्र सवन्नी सहित अन्य नेता हनुमंत कथा सुनने के लिए पहुंचे। रविवार का दिन होने की वजह से सामान्य दिनों से ज्यादा भक्त कथा सुनने के लिए पहुंचे। 29 दिसंबर को कथा का समापन होना है। इस वजह से समापन कथा दोपहर 12 से शुरू होगी। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने दिव्य हनुमंत कथा के चौथे दिन कथा परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सनातन धर्म को सुरक्षित रखना हो और हिंदुओ को एकजुट रहना हो तो जातपात से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद को मूलमंत्र मानकर कार्य करें, तभी भारत हिन्दू राष्ट्र बन पाएगा।**



### बाल्यवस्था में सूर्य को निगल गए थे हनुमान

कथा वाचन करते हुए पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान चालीसा में वर्णित शंकर सुवन केसरी नंदन, तेज प्रताप महा जग वंदन से लेकर विद्या गुणी चातुर जैसे अनेक चौपाई का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शंकर ही रुद्रावतार हनुमान है, जो अंजनी माता व वानर राज केसरी द्वारा युगों तप के कारण वानर कुल में जन्म लियाष उन्होंने आगे कहा कि जिनके पास अतुलित बल होने के बाद भी अपने स्वामी के प्रति विनम्रता हो बाल्यवस्था में सूर्य को निगल लिया हो, सौ योजन समुद्र को लांघकर अहंकारी रावण की सोने के लंका को अकेले जला डाला हो, जिसका गुणगान स्वयं प्रभु श्रीराम करता हो, फिर भी वे भक्त के भूमिका में रहे यह केवल हनुमान में ही संभव है। यह भक्त व भगवान के अटूट संबंध का प्रमाण है। हनुमंत कथा के तहत कथा परिसर से लेकर जयंती स्टेडियम मैदान के आसपास चारों तरफ भक्तों का जमावड़ा था। हजारों लोग जमीन में बैठकर कथा सुन रहे थे, जिन्हें जगह नहीं मिली, वे पेड़ पर चढ़कर कथा श्रवण करते नजर आए। इस दौरान हनुमंत कथा का रसपान करने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित प्रदेश के अनेक नेता पहुंचे। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, संयोजक राकेश पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर कथा का आनंद लेने वालो में वरिष्ठ नेता नंद कुमार साय, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, सांसद चंदू लाल साहू, आयोग अध्यक्ष गौरी शंकर श्रीवास, युवाआयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, दीपक महस्के सहित अनेक नेता शामिल हुए।

### शास्त्री केवल कथा वाचक नहीं सनातनियों के प्रेरणापुंज : विजय शर्मा



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी केवल कथा वाचक ही नहीं है, बल्कि करोड़ों सनातनियों के प्रेरणापुंज है। कुछ लोग धर्म गुरुओं व संत महात्माओं पर भी प्रश्न खड़ा करतें है। ऐसे कुछ विधर्मी हमारे प्रदेश में भी हैं, जो राम को काल्पनिक और वेद पुराण की कथा बताने वालो को फर्जी बताते हैं। इस तरह की अशिष्ट भाषा का उपयोग करने वालो को समय आने पर जनता ही जवाब देगी, लेकिन प्रदेश की सरकार जहां भी समाज को दिशा देने धर्म कथा होगी, तो धर्मशास्त्र बताने वालो के संत महात्माओं के साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

## महाराज सूरजमल केवल जाट समाज के महानायक नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितैषी और आदर्श



**भिलाई।** महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज भिलाई द्वारा महान योद्धा महाराजा सूरजमल का 262वां बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि अत्तर सिहं खोखर ने कहा कि महाराजा सूरजमल केवल जाट समाज के महानायक नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितैषी और आदर्श थे। अध्यक्ष महोदय श्री सही राम जाखड़ जी ने कहा कि महाराजा सूरजमल न केवल महान योद्धा थे बल्कि वे 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले दूरदर्शी, न्यायप्रिय और कुशल शासक भी थे। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। प्रतिभावान छात्रों और खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नारायण सिंह दहिया, कमांडेंट नवल गुलिया, सचिव रोहतास सिंह गहलावत, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष विजय मोर, प्रेम बेरा, सह सचिव गोगराज बाजिया, नवीन अत्री सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सिकोला बस्ती में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, दवा भी बांटी, लोगों मिला लाभ




**दुर्ग।** मेडिकल सर्विस सेंटर दुर्ग चैप्टर द्वारा वार्ड 15 सिकोला बस्ती में सुबह 11 से लेकर दोपहर 3 बजे तक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस फ्री मेडिकल कैंप में डॉ. वंदना ठाकुर एमडी मेडिसिन एंड न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ. प्राची अरोरा जनरल फिजिशियन ने 140 से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार किया। निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया।

मेडिकल सर्विस सेंटर छग की प्रभारी अनीता साहू ने बताया कि मेडिकल सर्विस सेंटर एक पंजीकृत राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक-चिकित्सा स्वयंसेवी संगठन है। जिसमें स्वास्थ्य से जुड़े सभी चिकित्सा पद्धतियों और सभी श्रेणियों के स्वास्थ्य कर्मियों को शामिल किया गया है, जो आपदा, संकट और स्वास्थ्य से वंचित लोगों के लिए पूरे देश भर में निशुल्क चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन करता है। शिविर में डॉ. जीके अरोरा, डॉ. करुणा कश्यप, डॉ. रितेश वाल्मीकि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर ललिता, तिरित साहू, ओम प्रकाश, हर्षित कुमार, परमानंद साहू, नीतू साहू, राधा कौशल उपस्थित थे।

गॉड फर्स्ट, वर्ल्ड नेक्स्ट, योरसेल्फ लास्ट...आध्यात्मिक सम्मेलन में जुटा संत समाज

## दुनिया में वही होगा जो ईश्वर चाहेंगे, पानी की एक बूंद से जीवन पनपता है, वह आगे चलकर हो जाता है नष्ट

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर 5 स्थित पंजाबी पैलेस में दिव्य जीवन संघ का तीन दिनी 10वां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आध्यात्मिक सम्मेलन रविवार को प्रारंभ हुआ। 30 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में स्वामी महेश्वरानंद के गणेश कीर्तन, स्वामी विद्यानन्द के प्रभात फेरी और मुख्यालय ऋषिकेश से पधारे महासचिव अद्वैतानन्द ने दीप प्रज्वलन से सम्मेलन का आगाज किया। अध्यक्षीय स्वागत प्रतिवेदन के बाद स्वामी आनंद स्वरुपानंद ने कहा कि ईश्वर श्रद्धा सर्वोपरि है गॉड फर्स्ट, वर्ल्ड नेक्स्ट, योरसेल्फ लास्ट। महाभारत का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पाण्डव भगवान की शरण में थे, तभी विजय और मुक्ति मिली। भगवान की इच्छा जो है, वही होगा। वही होगा जो कृष्ण चाहेंगे। एक बूंद जल से गर्भ निर्माण होता है, सुख करने-देने वाले परमात्मा हैं, जो भी उत्पन्न हुआ है, वह एक दिन नष्ट होगा। स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा कि अपने आपको ढूंढिये, आप कौन हैं? ब्रह्म मुहूर्त में सैय्या त्याग करिए। जीवन जीने की कला सीखिए। अपने आप से परमात्मा को जोड़िए। आत्म कल्याण करिए। चारित्रिक रूप से संसार को आकर्षित करिए। उन्होंने आगे कहा संसार अनित्य है दिव्य जीवन संघ एक परिमार्जित संघ है। भजन अनन्त राम राम राम, अयोध्या राम राम राम से साधकों की करतल ध्वनी गूंज रही थी।

### तीन दिवसीय आयोजन का आज दूसरा दिन



### महापुरुषों की महिमा और त्याग से मिलता है आनंद

डीएलएस के न्यासी स्वामी त्याग वैराज्ञानंद ने समझाया कि महापुरुषों की महिमा, त्याग से आनंद मिलती है। हमें शिव-संकल्प लेना चाहिए। भगवान कहते हैं- हे जीव मैं तेरे में बसा हूं, हम आनंद स्वरूप हैं। खचाखच भरे सभागार में साधक, धर्मावलम्बियों व श्रद्धालुओं ने धैर्यपूर्वक शांति से सबको सुन रहे थे। प्रमुख वक्ता संत मुख्यालय से पधारे न्यासी व महासचिव स्वामी अद्वैतानंद ने कहा कि सद्गुरु स्वामी शिवानंद जी की जीवनी दिनचर्या हमें सीखनी चाहिए। जन्म व कर्म पवित्र है। उन्होंने डॉक्टरी सेवा करते हुए मानव सेवा भी बहुत किया। उन्होंने 3 चीजों पर जोर देकर कहा कि ये दुर्लभ हैं और इनका सकारात्मक दृष्टिकोण निकालना चाहिए- मनुष्यत्व, मुमुक्षत्व और महापुरुषत्व। शांति पाठ के साथ सम्मेलन का विराम हुआ।

### मूल्य का बोध कराने के लिए आध्यात्म और सत्संग आवश्यक

ऋषिकेश के सचिव स्वामी धर्मनिष्ठानंद ने मूल्य बोध करने के लिए सत्संग की आवश्यकता पर बल दिया। मानव जन्म मोक्ष प्राप्ति के लिए है। भारत विश्व गुरु रहा है और अनंत काल तक रहेगा संतों ने जो ग्रंथ दिए हैं। उनका हमें पाठ और अनुसरण करना चाहिए। आज बेस्ट सेलर बुक कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। उनका उद्देश्य धन बटोरना है, गुरुदेव की पुस्तक दान दी जाती है। दृश्यवान जगत स्वप्न है। गीता को पढ़ना आसान लेकिन आत्मसात करना कठिन है। अपने अंदर भागवत तत्व है उसे हमें ढूंढना है, चिंतन करिए मनन करिए- अध्यात्म विद्या विद्या नाम।

## सिटी इवेंट

### हांथा समकालीन कला का जीवंत उत्सव, तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज से




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप की प्रथम प्रदर्शनी सोहाई की अपार सफलता के बाद अब नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में हांथा नामक दूसरी समकालीन कला प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं से प्रेरित यह प्रदर्शनी आधुनिक सृजन का अनुपम संगम प्रस्तुत करेगी, जिसमें प्रतिभाशाली कलाकारों के नवीनतम कार्य प्रदर्शित होंगे।29 से 31 दिसंबर के मध्य आयोजित इस प्रदर्शनी में कला के विविध आयामों पर विचार-विमर्श हेतु एक विशेष चर्चा का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रबुद्धजनों को समर्पित सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम कला प्रेमियों, कलाकारों एवं बुद्धिजीवियों के बीच रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित होगा। कला जगत में विशिष्ट उपलब्धियाँ एवं गहन अंतर्दृष्टि इस चर्चा को समृद्ध करने वाली सिद्ध होंगी। भिलाई स्टील प्लांट की सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आयोजित यह प्रदर्शनी आगंतुकजनों के लिए नवीनतम समकालीन कृतियों के माध्यम से सृजनात्मकता, नवाचार एवं सांस्कृतिक सामंजस्य का अनुभव करेंगे, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करेगी। जानकारी दी जाएगी कि समुदायों को जोड़कर हांथा न केवल सौंदर्य का प्रसार करने का एक सार्थक प्रयास हो और सृजनात्मक ऊर्जा, पर्यटन एवं सांस्कृतिक गौरव को प्रेरित करे ऐसी अभिलाषा है। यह आयोजन उभरते कलाकारों को मंच प्रदान करने, समकालीन कला को प्रोत्साहन देने तथा छत्तीसगढ़ की कला परंपरा को वैश्विक पटल पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से समर्पित है। हांथा समुदायों को जोड़ते हुए सौंदर्य का प्रसार करेगी तथा सृजनात्मक ऊर्जा, पर्यटन एवं सांस्कृतिक गौरव को प्रेरित करेगी।

## समाज इवेंट

### डॉ. पाणिग्राही सुशासन दिवस पर नेशनल इंस्पायरेशन अवॉर्ड से सम्मानित



**दुर्ग।** समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, राष्ट्रीय कार्यक्रमों, स्वास्थ्य एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में निस्वार्थ एवं स्वप्रेरित सेवा देने वाले पर्यावरण विद डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेषकर एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका बेतिया पश्चिम चंपारण बिहार द्वारा ऑन लाइन वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन सुशासन दिवस पर अटल बिहारी बाजपेयी नेशनल इंस्पायरेशन अवार्ड से सम्मानित किया। द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका की डायरेक्टर डॉ. पूजा गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है ,ऐसे महत्वपूर्ण अभियान में डॉ. पाणिग्राही ने न केवल छत्तीसगढ़ वरन ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली में पौधे लगाकर तथा मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा के द्वारा आयोजित हिंदी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में डॉ पाणिग्राही द्वारा तैयार एक पेड़ मां के नाम का पोस्टर का विमोचन कर देश के 10 प्रदेशों से आए प्रबुद्धजनों के माध्यम से उनके प्रदेशों को भेजा। देश के चुनिंदा 25 लोगों को यह सम्मान प्रदान किया गया है।

## सिटी इवेंट

### उच्च शिक्षा मंत्री ने दी एएसआई श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के हाथों दुर्ग पुलिस के सहायक उप निरीक्षक यशवंत श्रीवास्तव को मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की। उन्होंने महिला संबंधी अपराध में पीड़ित महिलाओं के व्यक्तित्व और सामाजिक समायोजन का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का मनोवैज्ञानिक अध्ययन किया। शोध से प्राप्त निष्कर्ष ना केवल शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि ग्रामीण और शहरी पीड़ित महिलाओं के समडा में होने वाले परिवर्तन और भविष्य में आने वाली परिस्थितियों का सामना करने में उपयोगी है। डॉ. पूर्णिमा तिवारी और डॉ. सर्वेश सिंह के मार्गदर्शन में शोध पूर्ण किया है। श्रीवास्तव ने 13 विषयों पर मास्टर डिग्री प्राप्त करने के साथ बीएड, एलएलबी, आईटीआई एवं डिप्लोमा इन साइबर क्राइम, डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन साइकोलॉजिकल गाइडेंस एण्ड काउंसिलिंग का कोर्स पूरा किया है। इस प्रकार 21 डिग्री एवं डिप्लोमा की पढ़ाई की है। वे पुलिस विभाग में जॉइनिंग के प्रथम दिन ही इनके द्वारा रक्तदान किया गया था, जो उनके मानव धर्म के प्रति समर्पण को दिखाता है। उनकी इस उपलब्धि पर आईजी रामगोपाल गर्ग ने उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा एडीजी विवेकानंद सिन्हा, आईजी अमरेश मिश्रा, बद्रीनारायण मीणा, दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, भोजराम पटेल सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी है।

### पारकर की पुस्तक का विमोचन आज

**भिलाई।** वरिष्ठ लेखक बद्री प्रसाद पारकर की पुस्तक छत्तीसगढ़ी संस्कृति और हमारा समाज का विमोचन 29 दिसंबर को अपराह्न 3 बजे भिलाई होटल स्थित काफ़ी हाउस के हॉल में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजन यादव और अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव, डॉ. सुधीर शर्मा, जीआर राना विशिष्ट अतिथि और डीपी देशमुख, दीनदयाल साहू वक्ता होंगे। मुनीलाल पारकर आभार व्यक्त करेंगे, जबकि डॉ. रजनी नेल्सन संचालन करेंगी। यह आयोजन अगासदिया संस्थान और वैभव प्रकाशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

**समापन आज :** नेहरूनगर स्थित कबीर वाटिका में मंदाकिनी रामकिंकर के श्रीमुख से रामकथा

# आपके अंतःकरण में सुमति की भूख, ज्ञान की जिज्ञासा सत्संग की इच्छा हो तो समझें ईश्वर है आपके अंदर जागृत

भिलाई। नेहरू नगर स्थित कबीर वाटिका में आयोजित परमपूज्य दीदी मन्दाकिनी रामकिंकर के श्रीमुख से रामकथा चल रही है। कथा का आयोजन जितेन्द्र सोनी, मुकेश सोनी द्वारा सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है। कथा में संतश्री ने कहा कि अगर आपके अंतःकरण में सुमति की भूख, ज्ञान की जिज्ञासा, सत्संग पाने की इच्छा हो तो समझ लीजिए ईश्वर आपके अंदर जागृत है। सनातन धर्म में हम सभी को जन्म मिला है। सभी कथा चाहे रामकथा हो या भागवत कथा हो कोई भी कथा सुनने से हमारा कल्याण ही होगा। यदि हमें अपने अंतःकरण से बुराइयों को निकाल कर शुद्ध करना है तो हमें भगवान की कथा सुनना होगा और अपने चरित्र में उतारना होगा। युगतुलसी पद्मभूषण डॉ. रामकिंकर महाराज की शिष्या मंदाकिनी इन दिनों भिलाई में है। उनका आगमन नेहरूनगर स्थित कबीर वाटिका निर्मल ज्ञान मंदिर में हुआ है। वे 29 दिसंबर तक हर दिन शाम 5 बजे से शाम साढ़े 7 बजे तक भगवान राम की कथा का बखान कर रही हैं। उनका आगमन अयोध्या से हुआ है।





### राम के साथ भरत जैसा भाई नहीं होता तो रामराज्य भी संभव नहीं हो पाता

प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक दैनिक प्रार्थना, भजन, आरती और दर्शन का आयोजन होगा। शाम 4 बजे से 5 बजे तक भक्ति संगीत का आयोजन किया जा रहा है। 29 दिसंबर को कथा के बाद महाभोग का आयोजन किया जाएगा। रामराज्य के विषय को केन्द्र में रखकर उन्होंने कहा कि जब तक भगवान राम के साथ भरत जैसा भाई न होता हो रामराज्य सम्भव नहीं होता। रविवार को सांसद विजय बघेल और उनकी पत्नी रजनी बघेल भी पहुंची।

### सीता ने अपने पिता के निर्णय को सर्वोपरी माना, लेकिन उनके मन में बसे थे राम

उन्होंने कहा कि माता सीता राम को मन ही मन वरण कर चुकी थी, फिर भी अपने पिता के निर्णय को सर्वोपरी मानी। अशोक वाटिका में सीताजी और हनुमानजी के बीच का संवाद माता और बेटे के बीच का भावपूर्ण प्रसंग है। रामकथा तो सबको मालूम है और किष्किंधा से लेकर लंका कांड तक का कथानक भी सब जानते हैं, लेकिन कथा इसलिए भी सुनना चाहिए कि इससे हमारे जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान की दृष्टि मिलती है। रामकथा में जीवन की प्रत्येक चिंता, समस्या और संकट का समाधान मौजूद है। हनुमानजी भक्त भी हैं और भगवान भी। 29 दिसंबर को कथा का समापन है। इस दिन कथा के बाद महाभंडारा का आयोजन किया गया है।

### भव के दो अर्थ पहला शंकर दूसरा संसार

मंदाकिनी दीदी ने प्रवचन में कहा कि भव के दो अर्थ हैं। पहला भगवान शंकर दूसरा संसार। इन दोनों का अन्योन्याश्रित संबंध है। मानस में ही एक जगह चार बार भव शब्द आया हैं, भव भव विभव पराभव कारिणी। भव भव अर्थात निर्माण, विभव अर्थात पालन, पराभव अर्थात संहार। मातृ शक्ति निर्माण (जन्म) देती हैं, पालन भी करती हैं पर क्या वह क्रूर संहारकारणी हो सकती हैं, कदापि नहीं, परन्तु भगवान शंकर निर्माण पालनहार के देव हैं क्योंकि संहार के बाद ही सृजन होता हैं, यह क्रम चलते रहता है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति सौंदर्य का सच्चा उपासक है, तो वह ईश्वर तक पहुंचकर भक्त बन जाता है। अपने को ईश्वर की दिशा में मोड़ने से उसके सारे दुर्गुण दूर हो जाते हैं। लेकिन वहीं व्यक्ति यदि काम वासना में पड़ जाता है, तो स्वर्ग के राजा इंद्र की तरह एक ऋषि से शापित होकर प्रायश्चित करता रहता है।

## अग्रसेन भवन में प्रस्तुति

### वृंदावन के कलाकारों ने दिखाई कृष्ण लीला, कंस वध का भी चित्रण





**दुर्ग।** अग्रसेन भवन में वृंदावन के कलाकारों द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन मनमोहक कृष्ण लीला आयोजित की गई। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, संरक्षक सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा एवं महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया कि बच्चों में धार्मिक भावना को सुदृढ़ करने हेतु इस तरह का आयोजन भवन में प्रथम बार आयोजित किया जा रहा है । इसके पूर्व समाज के पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सक्सेरिया, जयदेव सिंघल ने अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता गोयल कार्यकारी अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कार्यक्रम के विषय में बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम महिला मंडल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है। वृंदावन के सभी कलाकारों का अग्र माला एवं दुपट्टे से आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम प्रभारी वंदना गुप्ता, नीलू अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, मोनिका खेतान, संध्या गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक की लीला का सुंदर प्रस्तुतीकरण कलाकारों द्वारा किया गया। कारागार में कृष्ण जन्म, पूतना वध, कालिया नाग के फन पर नृत्य एवं भगवान की बाल लीला देखते ही बन रही थी। मयूर पंख में गोपियों संग रासलीला की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कंस वध के बाद अग्रसेन भवन राधे राधे से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में विमल सक्सेरिया, पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रकाश खेतान, संजय गर्ग, मुरारी अग्रवाल, किशोर रूंगटा, गिरीश अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, संजना पोद्दार उपस्थित थे।

## पुरैना में संगीतमय राम कथा

### धर्म ही माता पिता, बंधु-सखा और स्वर्ग की सीढ़ी, बस चलते जाना है...





**भिलाई।** राधा रानी महिला सेवा समिति के तत्वावधान में पुरैना भिलाई-3 में संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन कथावाचक बाल व्यास हरीश ने कहा कि धर्म सबका माता पिता है। धर्म ही बंधु तथा परम मित्र है। धर्म ही स्वर्ग की सीढ़ी है। धर्म की सीढ़ी पर चलते हुए, आचरण करते हुए ही हम स्वर्ग सुख प्राप्त कर सकते हैं। संगीतमय राम कथा के दौरान राम जन्मोत्सव, राम विवाह उत्सव, राम वनवास गमन आदि प्रसंगों का विस्तार पूर्वक झांकी के माध्यम से सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। राम कथा में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, प्रेमलाल साहू जी, गुलशन ढिंढे सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। बाल व्यास ने कहा कि राम कथा का पावन संदेश है आदर्श जीवन, सत्यता, धर्म परायणता, मर्यादा और अपनी कर्तव्यों का पालन करना। हमें अपने अहंकार का त्याग कर सभी के भलाई के बारे में सोचना और करना चाहिए। रामखता के दौरान धन्नु नाग, गुरुकुलम की प्राचार्य विनीता शिंदे, संतोष दुबे, भैरव सिंह सोनवानी, अमर साहू जी, छन्नू बंजारे, शिवकुमार साहू, महिला आरोग्य समिति की कोषाध्यक्ष धात्री साहू, पूनाराम चंद्राकर, रामकुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## संगीत महाविद्यालय में वीर बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

### राष्ट्रप्रेम और आदर्श मूल्यों के संवर्धन के लिए भजन कीर्तन और अरदास, गिटार और तबला वादन ने मोहा मन

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** नवीन शासकीय महाविद्यालय संगीत दुर्ग में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम भाव राग मंजरी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के वीर बालकों के साहस और बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और आदर्श मूल्यों का संवर्धन करना था। समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र खिलेंद्र ने गिटार वादन के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों का स्वागत करते हुए वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। दोनों वीर साहसी बालकों के बलिदान को बताया तथा बच्चों में नैतिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक मूल्यों की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।



#### भाव-राग मंजरी संगीत श्रृंखला, दी गई प्रस्तुति

सभी प्रस्तुतियां भाव-राग मंजरी संगीत श्रृंखला के अंतर्गत की गई, जिसने सभी दर्शकों का मन मोहित कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा गीत, वादन और भाव प्रस्तुति की धारा ने समारोह को एक अद्भुत सांस्कृतिक रूप प्रदान किया। अंत में अतिथि प्राध्यापक सरला साहू ने अपनी मीठी आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कार्यक्रमों में माधो राम सिन्हा के हारमोनियम और खिलेंद्र की तबले में संगत ने प्रस्तुतियों में चार चांद लगा दिए।

#### अरदास गौत ने वातावरण को बनाया आध्यात्मिक

कार्यक्रम के अंतर्गत बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गुरजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत अरदास गौत ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और भावपूर्ण बना दिया। उन्होंने बताया कि सरहिंद जाकर आज भी एक अलग अहसास की अनुभूति होती है, जहां उन साहिबजादों ने शहादत आई थी। इसके साथ ही तपन कुमार नाथ, विवेक यादव, पंकज देशमुख, प्रकाश कश्यप, माधो राम सिन्हा, रामचंद्र घोष ने सुमधुर भजन, कीर्तन से राष्ट्रप्रेम, उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।

#### बाल दिवस की बताई महत्ता, अनुभव किए साझा

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. निधि वर्मा, वत्सल तिवारी, राजेंद्र कुमार, और भारती जंघेल की उपस्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और वीर बाल दिवस की महत्ता पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यालय विभाग से यशवंत कुमार साहू (कार्यालय अध्यक्ष), धनराज भोयर और गौरव मनहरे ने कार्यक्रम की व्यवस्था, संचालन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों और समस्त स्टाफ ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन रामचन्द्र घोष द्वारा अकृष्ट रूप से किया गया संचालन शैत्री ने कार्यक्रम में सहजता अनुशासन और आकर्षण बनाए रखा। आभार राजेद्र कुमार गुप्ता ने व्यक्त किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल कबड्डी में छत्तीसगढ़ की टीम क्वार्टर फाइनल में



**रायपुर।** दम दम जेल ग्राउंड कोलकाता में 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित 51वीं नेशनल ओपन जूनियर कबड्डी (बालिका) चैंपियनशिप मे छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने उत्तराखंड को 9 अंको से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया है। इस संबंध मे जानकारी एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने पहले लीग मैच मे असम को 34-23 के मुकाबले 11 अंको से हराकर जीत के साथ आगाज किया है। दूसरे लीग मैच मे झारखण्ड को 56-18 के मुकाबले 38 अंको से हराया, तीसरे लीग मैच मे गुजरात को 53-21 के मुकाबले 32अंको से हराकर पूल विनर बनी और प्री क्वार्टर फाइनल मे उत्तराखंड को 37-28 के मुकाबले 9 अंको से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया है। विजेता बालिका टीम मे राधिका यादव (कप्तान )ट्विंकल साहू, भामिनी, तारकेश्वरी साहू, अंजलि यादव, मीनाक्षी, नूतन राजवाडे, देविका, शालिनी यादव, भेजवंतिन,देविका रजक, गोमती निषाद व पुष्पा देवी छत्तीसगढ़ की टीम मे शामिल है। इनके कोच रामकुमार धनकर है। इन खिलाड़ियों के अच्छा प्रदर्शन करने के लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष सेवा राम साहू एंव समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### वेटलिफ्टिंग में ओमप्रकाश कर रहे हेमचंद विवि का प्रतिनिधित्व

**दुर्ग।** पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 26 से 30 दिसंबर तक आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ईस्ट–वेस्ट जोन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जय महावीर व्यायाम क्लब झीट के होनहार खिलाड़ी ओमप्रकाश सिन्हा भाग ले रहे हैं। ओमप्रकाश प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



### सीएससीएस अंडर-19 में शानदार मुकाबले शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध बीएसपी में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी में 68 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहली पारी 124 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी दो विकेट पर 35 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम राजनांदगांव विरुद्ध रायपुर में बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव पहली पारी में 202 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में बिना कोई विकेट खोए नौ रन बनाए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बिलासपुर ब्लू विरुद्ध रायपुर ब्लू में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी तीन विकेट पर 304 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध बिलासपुर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर पहली पारी 137 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड ने पहले पारी 6 विकेट विकेट पर 128 रन बनाए।

### साहिल कप में टर्मिनेटर की लगातार तीसरी जीत



**रायपुर।** साहिल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित साहिल विंटर कप 16 आयु वर्ग में कल जनक क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 120 रन ही बनाए।जनक क्रिकेट एकेडमी के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए ईशान अग्रवाल ने 51 रन और अभिनंदन यादव ने 25 रनों की पारी खेली। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए आरव राज और पी आर्यन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टर्मिनेटर ने 29.4 ओवर में 3 विकेट खोकर ही इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। टर्मिनेटर एकेडमी के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आरव राज ने शानदार 73 रन और सोहम सिंह ने 27 रनो की पारी खेली। टर्मिनेटर ने यह मैच 7 विकेट से जीत कर प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टर्मिनेटर के कप्तान आरव राज को मिला।

# सर्दी के इस मौसम में बढ़ सकती हैं आर्थराइटिस की दिक्कत, आप भी हैं शिकार तो जरूर बरतें ये सावधानी

आर्थराइटिस, जोड़ों में होने वाली बहुत आम सी दिक्कत है, आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डॉक्टर्स कहते हैं, 45 की आयु के बाद महिला और पुरुष दोनों में इस समस्या का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही इस समस्या से बचाव के लिए सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में भी बदलाव का भी इस स्वास्थ्य समस्या पर असर देखा जाता रहा है। जिन लोगों को गठिया की बीमारी होती है, उनके लिए सर्दियों का समय कठिनाइयों भरा हो सकता है। ठंडा मौसम आर्थराइटिस की समस्या को और भी ट्रिगर कर सकता है, इसमें सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।



### सर्दियों में ट्रिगर हो सकती है आर्थराइटिस की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, तापमान में गिरावट के साथ रक्त वाहिकाओं में संकुचन होने लगता है, जिससे जोड़ों में सूजन-कठोरता की दिक्कत हो सकती है। बैरोमीटर दबाव के कारण ठंड के मौसम में गठिया का दर्द अधिक महसूस होता है और जोड़ों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनके लिए ये मौसम कई और भी प्रकार की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है।

### शरीर को रखें गर्म

आर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार, ठंडा तापमान, दर्द-संवेदनशीलता को बढ़ा सकता है, इसमें रक्त परिसंचरण भी धीमा हो जाता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन बढ़ जाती है। इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए, जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। अपने आप को गर्म रखने के लिए टोपी, दस्ताने और स्कार्फ पहनें और इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड से जोड़ों की सेकाई करें। जोड़ों की कठोरता को कम करने के लिए हल्के गर्म पानी से स्नान करें।



### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

गठिया के दर्द से बचने और अपने जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम सबसे अच्छी चीज है। नियमित शारीरिक गतिविधि ऊर्जा को बढ़ावा देने और ताकत-लचीलेपन में सुधार करने में मदद करती है। व्यायाम से फील-गुड हार्मोन भी रिलीज होता है जो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाले व्यायाम का लक्ष्य रखें।

### एंटीइंफ्लामेटरी आहार का करें सेवन

अपने आहार में बदलाव करने से गठिया को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। स्वस्थ पौष्टिक आहार, जिसमें एंटीइंफ्लामेटरी चीजें शामिल हों ये सूजन को कम करने, हड्डियों को मजबूत करने और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे वसायुक्त मछली, नट्स और सीड्स को आहार का हिस्सा बनाने से लाभ मिल सकता है।





# सेलिब्रिटी की तरह रखिए सेहत का ध्यान, बन जाएंगा 'आइकॉन'

बात चाहे टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा की हो या क्रिकेटर विराट कोहली की। सभी स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी अपनी सेहत का हमेशा खयाल रखते हैं। इनके लिए एक्सरसाइज रोजमर्रा की जिंदगी का रूटीन है। तभी इसके दम पर ऐसे खिलाड़ी यूथ आइकॉन बनते हैं। आप चाहें तो इन एक्सरसाइज के दम पर आईकॉन जरूर बन सकते हैं।

**रोइंग:** ये एक्टिविटी फ्लाईव्हील रोलर पर नाव चलाने के मूवमेंट की नकल करके काम करती है। हालांकि वजन घटाने और फैट बर्न करने में रोइंग की तुलना में रनिंग को अधिक प्रभावी माना जाता है, लेकिन यह हाई इम्पैक्ट एक्सरसाइज भी है।

**बैटल रोप:** बार-बार बाहों को हिलाना और रस्सी को जमीन पर पटकना, फैट को खत्म करने का शानदार तरीका है। इससे मांसपेशियों को मजबूत बनाया जा सकता है। यह आपके कंधों और भुजाओं की गतिशीलता में भी सुधार करता है। यही कारण है कि नीरज जैसा वर्ल्ड क्लास जैवलिन थ्रोअर इसे अपने रूटीन का हिस्सा बनाते हैं।

### हैंगिंग लेग रेजेस विद मेडिसिन बॉल

बार पर लटककर और पैरों को ऊपर उठाकर, आप निचले आधे हिस्से मजबूत बनाते हैं। जब एक बार ऐसा करने में सफल हो जाएं, तो मेडिसिन बॉल को उठाकर अतिरिक्त वजन बढ़ा सकते हैं। इसके करते वक्त निपुण होना बहुत जरूरी है। इसलिए ऐसा करते वक्त सावधानी रखें।



### ग्लूट हेम रेस विद बॉल थ्रो

अधिकांश जिम में ग्लूट-हैम बेंच की सुविधा नहीं होती, हालांकि अगर आपके पास ये सुविधा है, तो इस वर्कआउट को अपने रूटीन में शामिल करें। यह ना केवल आपके शरीर को लीन दिखाने के लिए आपके ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग को मजबूत करेगा, बल्कि यह आपके डेली रूटीन में भी गतिशीलता लाएगा। जब आपका शरीर इस एक्सरसाइज का आदी हो जाए, तो, आपको वेटेड प्रोजेक्टाइल फेंकने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आपको एक स्पॉटर की आवश्यकता होगी। टेनिस बॉल से छोटी शुरुआत करें, धीरे-धीरे हल्की मेडिसिन गेंदों तक इसे बढ़ा लें।

### टायर फ्लिप विद जंप

यदि आप इसे सही ढंग से कर रहे हैं और इसमें जंप जोड़ रहे हैं, तो आप एक बेहद प्रभावी HIIT वर्कआउट (हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग) कर रहे होंगे, जिसे नीरज चोपड़ा भी करते हैं।



# नए साल में काले घोड़े की नाल की इन उपायों से करियर में मिल सकती है सफलता

कुछ ही दिनों बाद नया साल आरंभ हो जाएगा। जिसमें ग्रह-नक्षत्रों के स्थान में परिवर्तन भी होगा। इससे व्यक्ति के जीवन में अशुभ और अशुभ प्रभाव पड़ सकता है। नया साल आने में अब कुछ ही दिन शेष है। इस दिन ग्रहों के स्थान में भी परिवर्तन होगा। जिससे के जीवन में व्यक्ति को शुभ और अशुभ प्रभाव को देखने को मिल सकता है। वहीं वास्तु शास्त्र में नए साल कुछ ऐसे उपाय हैं, जिसे करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन खुशहाल हो सकता है। इस दिन ऐसी मान्यता है कि काले घोड़े की नाल को घर में लगाने से सकारात्मकता का संचार होता है और नजर दोष से भी छुटकारा मिल सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से घोड़े के नाल की उपाय के बारे में जानते हैं।

### नौकरी में सफलता प्राप्ति के लिए उपाय

अगर किसी व्यक्ति को मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही है और नौकरी में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो नए साल के पहले दिन काले घोड़े की नाल से बने छल्ले को मध्यमा अंगुली में धारण करें। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से व्यक्ति को जल्दी नौकरी में शुभ योगों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में पॉजिटिविटी का संचार भी हो सकता है।

### रोग दोष से छुटकारा पाने के लिए उपाय

अगर किसी व्यक्ति को किसी बीमारी का सामना करना पड़ रहा है, तो घोड़े की नाल की 4 कील बनाएं और सवा किलो उड़द की दाल, एक सूखा नारियल लें। इसे बीमार व्यक्ति के ऊपर से 7 बार वार कर बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें। इस उपाय को करने से सेहत में जल्द सुधार हो सकता है और नजर दोष (नजर दोष उपाय) से भी राहत मिल सकता है।



### इस दिशा में लगाएं घोड़े की नाल

वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर नए साल के दिन काले घोड़े की नाल को घर की उत्तर या पूर्व दिशा में लगाया जाए, तो इसे शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसे घर में लगाने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है और व्यक्ति के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव होता है। इसलिए इस दिशा में जरूर घोड़े की नाल लगाएं।

### तंगी से छुटकारा पाने के लिए उपाय

अगर किसी भी व्यक्ति को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, तो नए साल के दिन काले घोड़े के दाहिने पैर की नाल को घर के मुख्य द्वार पर लटकाएं। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से आर्थिक समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है और माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) की कृपा भी बनी रहती है।

# ठिठुराती ठंड में घरवालों को नए ढंग से बनाकर खिलाएं मेथी का पराठा

दिसंबर के महीने के साथ ये साल अपने आखिरी पड़ाव पर है। ऐसे में सर्दी भी अपना सितम ढा रही है। इस मौसम में खाने के कई ऐसे विकल्प मिल जाते हैं, जिसे बच्चे से लेकर घर के बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको मेथी के पराठे की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।



दरअसल, सर्दियों के इस मौसम में मेथी खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। इसके सेवन से पाचन क्रिया भी सुचारू रूप से काम करती है। ऐसे में खुद के साथ-साथ अपने परिवार के लिए भी मेथी का पराठा बनाकर परोस सकती हैं। ये एक ऐसा पराठा है, जिसे आप बच्चों से अलावा बड़ों के लंच में भी पैक कर सकती हैं।

इसका स्वाद अचार और दही से साथ तो बढ़ता ही है, लेकिन अगर आप इसके साथ आलू टमाटर की सब्जी परोसेंगी तो आपके परिवारवाले पेट के साथ-साथ मन भर के मेथी के पराठा खाएंगे। इसी के चलते आइए बिना देर किए हुए आपको मेथी का पराठा बनाना का सही और आसान तरीका बताते हैं। मेथी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी के पत्तों को अच्छे से साफ करके धो लें। इसके बाद एक बड़े कटोरे में आटा छान कर निकाल लें। इस आटे में दही, अजवाइन समेत सभी चीजें डाल कर अच्छे से मिला लें।इसके बाद इसमें स्वादानुसार नमक डालें। अब इस आटे को अच्छी तरह से गूंथ लें। गूंथे हुए आटे से तुरंत पराठे ना बनाए, बल्कि इसे कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इस आटे से छोटी-छोटी लोइयां तैयार करें।अब इन लोइयों से पराठे बनाएं और इन्हें गैस पर दोनों तरफ से तेल लगाकर सेक लें। आप चाहें तो तिकोने आकार के मेथी के पराठे भी बना सकती है। जब ये कुरकुरी तरह से सिक जाएं तो एक प्लेट में निकाल कर अचार और दही के साथ इसे परोसें।

## कार्नर न्यूज

### पूजन की शुरुआत या समापन में शंख बजाने का विधान, इसलिए जरूरी है शंख

# घर के मंदिर का अहम हिस्सा होना चाहिए शंख इसे रखने के फायदों के बारे में जरूर जानें

घर के मंदिर में या पूजा के स्थान पर ऐसी कई वस्तुएं रखी जाती हैं जो मानव जीवन को सकारात्मकता प्रदान करने में मदद करती हैं। इन सामग्रियों को घर के मंदिर का विशेष हिस्सा माना जाता है। घर के मंदिर में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों में से एक है शंख। हिन्दू धर्म में शंख को किसी भी पूजा-पाठ का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है और पूजन की शुरुआत या समापन में शंख बजाने का विधान होता है। घर के मंदिर में शंख रखने के फायदे अनगिनत हैं और ये ज्योतिष के अनुसार शुभ माना जाने के साथ वास्तु के अनुसार भी अत्यंत शुभ माना जाता है। शंख को घर के मंदिर में रखने के अनगिनत लाभ होते हैं जो हमें आध्यात्मिक, आयुर्वेदिक और वास्तु शास्त्र के रूप में सहायक बना सकते हैं। पूजन में इस्तेमाल होने वाला यह एक ऐसा उपकरण है जो हमें शांति, सफलता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है और हमारेजीवन को सकारात्मकता से भर देने में मदद कर सकता है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें कि घर के मंदिर में शंख रखना जरूरी क्यों होता हो और इसके क्या फायदे हो सकते हैं।



### माना जाता है साधना का उपकरण

शंख को हिन्दू धर्म में एक महत्वपूर्ण पूजा और आराधना का उपकरण माना जाता है जो घर के मंदिरों में सजावट के रूप में रखा जाता है और साधना का यंत्र माना जाता है। शंख को न केवल आध्यात्मिक साधना का यंत्र माना जाता है बल्कि इसमें कई अनगिनत फायदे भी छुपे होते हैं जो हमें अपने जीवन में सकारात्मक दिशा दिखाने में मदद कर सकते हैं। जब भी हम पूजा की शुरुआत करते हैं या किसी भी आध्यात्मिक कथा का वाचन करते हैं तो शंख की ध्वनि पूजा को सफल बनाने में मदद करती है। शंख को हिन्दू साहित्य में 'पांचजन्य' के नाम से भी जाना जाता है जो महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण का शंख था। उसी समय से शंख को घर के मंदिर का एक विशेष उपकरण माना जाने लगा और पूजन में इसका इस्तेमाल होने लगा।

### घर के मंदिर में शंख रखने से शांति मिलती है

हिन्दू धर्म में शंख को ध्यान और साधना का साधन माना जाता है और इसे पूजा में इस्तेमाल करने से मन को शांति मिलती है और यह आत्मा के साथ मेलजोल होने का अनुभव कराता है। इससे व्यक्ति को ध्यान लगाने में मदद मिलती है और आत्मा की का परमात्मा के साथ मिलन होता है। शंख को पूजा और आराधना के लिए उपयुक्त साधन माना जाता है और इसे पूजा सामग्री में शामिल किया जाता है। जब हम इसे पूजा में इस्तेमाल करते हैं तो घर का वातावरण शुद्ध होता है और आत्मा का संबंध मजबूत होता है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बाल्डोनी ने लाइवली से की प्राइवेट बातचीत, अदालत में तेज हुई कानूनी जंग



हॉलीवुड सेलेब्स जस्टिन बाल्डोनी और एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली के बीच चल रहा विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। हाल ही में सामने आए कोर्ट दस्तावेजों ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है। दोनों के बीच 2022 में हुई एक निजी बातचीत अब कानून के दायरे में जांच का विषय बन चुकी है। दरअसल जस्टिन पर आरोप है कि उन्होंने ब्लेक से बात करते हुए अशलील टिप्पणी की है। दस्तावेजों के मुताबिक दिसंबर 2022 में जस्टिन बाल्डोनी न्यूयॉर्क स्थित ब्लेक लाइवली के घर गए थे। उस समय अभिनेत्री प्रेग्नेंट थीं। बताया गया है कि इसी मुलाकात के दौरान एक ऐसी निजी बात हुई, जिसने पूरे मामले को विवादों के घेरे में ला दिया। जांच के दौरान दिए गए बयान में जस्टिन बाल्डोनी ने स्वीकार किया कि मुलाकात के दौरान बातचीत का रुख अचानक निजी विषयों की ओर मुड़ गया था। उन्होंने यह भी कहा कि ब्लेक ने सीधे तौर पर उनसे कोई निजी सवाल नहीं पूछा, लेकिन बातचीत के दौरान उन्होंने खुद अपने निजी अंग को लेकर एक बात साझा कर दी। अदालत में वकील ने जब पूछा कि यह चर्चा कैसे और किस माहौल में हुई, तो बाल्डोनी ने बताया कि कमरे में लगातार लोग आते-जाते रहे। उनके अनुसार, 'कमरे में ब्लेक के पति रयान रेनॉल्ड्स भी आते-जाते रहे, दो नैनीज़ वहां थीं, स्टाफ और असिस्टेंट इधर-उधर काम में लगे थे। बातचीत एक व्यस्त माहौल में हुई।'
कोर्ट में दाखिल ब्लेक लाइवली के नए दस्तावेजों में कहा गया है कि इस बातचीत ने उन्हें गहरा असहज किया। अभिनेत्री का दावा है कि जस्टिन बाल्डोनी के कुछ निजी बयानों और व्यवहार ने उन्हें सेट पर भी असुविधा महसूस कराई थी।

## टॉलीवुड

### मलेशिया में 'जन नायकन' का ऑडियो लॉन्च इवेंट में दिखी विजय के लिए दीवानगी



तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय की आने वाली फिल्म 'जन नायकन' का ऑडियो लॉन्च फैंस के लिए काफी खास रहा। मलेशिया के नेशनल स्टेडियम बुकित जलिल में आयोजित इस भव्य समारोह ने विजय के तीन दशक लंबे फिल्मी सफर का जश्न मनाया गया। खास बात यह रही कि 'जन नायकन' को विजय की आखिरी फिल्म माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद वो पूरी तरह राजनीति में कदम रखने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस आयोजन को 'थलपति तिरुविजा' का नाम दिया गया, जहां फैंस का जुनून चरम पर नजर आया। शाम की शुरुआत से ही स्टेडियम के बाहर और अंदर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। करीब एक लाख से ज्यादा फैंस की मौजूदगी ने इस इवेंट को मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करा दिया। जैसे ही थलपति विजय ने मंच पर कदम रखा, पूरा स्टेडियम तालियों, नारों और आतिशबाजी से गूंज उठा। नेवी ब्लू सूट और ब्लैक शर्ट में विजय बेहद स्टाइलिश नजर आए। हजारों मोबाइल टॉर्च की रोशनी के बीच उनका मंच पर चलना किसी सिनेमाई सीन से कम नहीं था। ऑडियो लॉन्च में संगीत की कमान संभाली मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध रविचंदर ने, जिनकी एंट्री पर भीड़ झूम उठी। लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ 'जन नायकन' के नए गानों के अलावा विजय के करियर के आइकॉनिक सॉन्ग्स की झलक ने माहौल को और खास बना दिया। इस मौके पर विजय येसुदास, अनुराधा श्रीराम, हरिचरण, श्वेता मोहन, एस.पी. चरण, टिप्पू, योगी बी, एंड्रिया जेरेमाया जैसे कई दिग्गज सिंगर्स ने परफॉर्म किया।
फिल्म की लीड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने भी खास ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन के साथ शानदार एंट्री की।

## भोजपुरी

### 'फ्री का दूल्हा' में बेटे ने मां के खिलाफ जाकर बिना दहेज रचाया ब्याह



एक्टर ऋषभ कश्यप की फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। उनके साथ रक्षा गुप्ता और अनिता रावत जैसी हीरोइनें हैं और ये ट्रेलर बड़ा ही दमदार है। फिल्म 'फ्री का दूल्हा' के ट्रेलर की बात करें तो ये 3 मिनट और 32 सेकेंड का है। इसमें दिखाया गया है कि दूल्हों की सेल लगी हुई है और वे ठेले पर बिक रहे हैं।
भोजपुरी फिल्मों के दर्शक केवल यूपी-बिहार में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हैं। जब फिल्में आती हैं और उन्हें लोग देखने जाते हैं तो खुद ही गुणगान करने लग जाते हैं। पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे स्टार्स की फिल्में तो बहुत देखी जाती हैं लेकिन कुछ ऐसी भी भोजपुरी मूवीज हैं जो दमदार स्टारकास्ट न होने के बावजूद चल जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भोजपुरी फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है और इसमें स्टार्स के एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म में भोजपुरी एक्टर ऋषभ कश्यप हैं जो गोलू बने हैं। एक्ट्रेस रक्षा गुप्ता और अनिता रावत अपने रोल्स में चंज रही हैं। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी काफी बढ़िया है। फिल्म 'फ्री का दूल्हा' के ट्रेलर की बात करें तो ये 3 मिनट और 32 सेकेंड का है। इसमें दिखाया गया है कि दूल्हों की सेल लगी हुई है और वे ठेले पर बिक रहे हैं। तभी एक मां अपने बेटे का मोल लगाने के लिए ज्यादा पैसे ऐंठने की फिराक में है और बेटे को एक लड़की से प्यार हो जाता है जिसे बिना दहेज के शादी करनी है।

लाइफ स्टाइल



परंपरा-स्टाइल का मेल

इंडियन फैशन की रौनक भरी दुनिया में तत्व फैशन मूल रूप से हमारी विरासत और आज के दौर की स्टाइल का एक अनोखा मेल है। संस्कृत में "तत्व" शब्द का मतलब "सार" या "सच" होता है, जो परंपरागत जड़ों से गहरा जुड़ाव दिखाता है। यह 25-60 साल के मिडिल से अपर-मिडिल-क्लास भारतीयों के साथ गहराई से जुड़ता है, जो ऑथेंटिसिटी और ऑनलाइन शॉपिंग की आसानी के मेल की तारीफ़ करते हैं। तत्व फैशन बदलती पसंद और पसंद को पूरा करता है, और ट्रेडिशन और मॉडर्न एस्थेटिक्स के बीच एक अच्छा बैलेंस बनाने की चाहत को पूरा करता है।

# सिर से बर्फ की तरह गिर रही रूसी तो राहत मिलेगी ऐसे



दिसंबर के महीने में मौसम की शुरुआत से ही त्वचा में कई बदलाव दिखने लगते हैं। जिस तरह से त्वचा को सर्दियों में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत पड़ती है, ठीक उसी तरह से सिर के स्कैल्प का भी सर्दियों में खास ध्यान रखना पड़ता है। अगर आप सही से सिर का ध्यान नहीं रखेंगे तो स्कैल्प में डैंड्रफ जमने लगता है।कई बार ऐसा होता है कि इसकी वजह से शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप स्कैल्प पर जमी रूसी से छुटकारा पा सकते हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नीम के तेल में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल अपने सिर से डैंड्रफ को दूर भगाने के लिए कर सकते हैं। प्याज के रस को स्कैल्प पर लगाने से भी डैंड्रफ कम हो सकता है। आप आसानी से घर पर बिना केमिकल वाला प्याज का रस निकाल सकते हैं। इसे बस आपको रुई की मदद से अपने सिर में लगाना है। मेथी को रातभर भिगोकर सुबह उसे पीस लें। अब इसे दही में मिलाकर अपने बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपको जरूर राहत मिलेगी। 10 नीम के पत्तों का पेस्ट लें और उसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। अब इसका इस्तेमाल आप अपने सिर पर जमे डैंड्रफ हटाने में कर सकते हैं। एक कटोरी में गुनगुना नारियल का तेल लेकर उसमें नींबू का रस मिलाएं। अब इसे अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं। इसकी मदद से आपके सिर का डैंड्रफ कम हो सकता है।

# रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े







जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो जानिए कि किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।
दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।
**पेस्टल रंग:** स तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।
**रॉयल ब्लू:** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।
**एमरॉल्ड ग्रीन:** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।
**पर्पल:** वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।
**मैटेलिक रंग:** अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

# वेडिंग फंक्शन के लिए बेस्ट रहेंगे ये सिंपल आई मेकअप



मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है। वहीं रोजाना से लेकर हम किसी भी फंक्शन तक में जाने के लिए कई तरीके के लुक्स को री-क्रिएट करते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स रोजाना मार्केट में कुछ न कुछ नया लेकर आते ही रहते हैं, लेकिन मेकअप करने की कुछ तकनीक आज भी वही है। वेडिंग फंक्शन में जाने के लिए खासकर मेकअप समय के हिसाब से किया जाता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ आई मेकअप जिन्हें आप आसानी से किसी भी शादी व फंक्शन में ट्राई कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।

## न्यूट्रल मेकअप लुक

अगर आप सटल कलर कॉम्बिनेशन के मेकअप लुक्स को कैरी करना पसंद करती हैं तो इस तरह के लाइट ब्राउन मेकअप लुक को चुन सकती हैं। इस तरीके का मेकअप लुक आप दिन या रात की शादी के लिए चुन सकती हैं। देखने में इस तरीके का मेकअप काफी सोबर लुक देने में मदद करता है। वहीं बेस के लिए आप ड्युई मेकअप लुक को चुनें। ऐसा करने से आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा।

## स्मोकी आई मेकअप

देखने में यह काफी बोल्ड लुक नजर आता है। वहीं इस तरह के आई मेकअप को क्रिएट करने के लिए आप ब्लैक कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आप बिल्कुल न्यूड कलर को चुन सकती हैं। न्यूड कलर के लिप शेड को चुनने के लिए आप अपनी स्किन टोन का खास ख्याल रखें। यह नाइट मेकअप लुक है तो कंटूरिंग को आप थोड़ा शार्प करें ताकि लुक कम्प्लीट नजर आए।

# गर्म ऊनी कपड़ों की ऐसे करें केयर, सालों तक नहीं होंगे खराब



सर्दी के सीजन में गर्म कपड़ों को सही तरीके से पहनने के साथ उनकी केयर भी करनी होती है। तब जाकर ऊनी कपड़ों के रेशे, कलर फेड और लूज होने से बचा सकते हैं। इसलिए ऊनी कपड़ों का ख्याल रखना जान लेना चाहिए। ऊनी या सर्दी के कपड़े (स्वेटर, जैकेट, ब्लेजर आदि) काफी महंगे होते हैं। इनको हर साल खरीद नहीं सकते हैं।

## विंटर ड्रेस न करें शेयर

सर्दी के कपड़े ही नहीं कोई भी ड्रेस शेयर नहीं करनी चाहिए। खासकर ऊनी कपड़ों को न दें क्योंकि इस कारण ड्रेस लूज हो सकती है। इसके कई कारण हैं। जैसे- यदि उस व्यक्ति को कपड़े को खींचकर पहनने की आदत हो या उसका बॉडी साइज बड़ा हो तो इस कारण कपड़ा लूज हो सकता है। इसलिए अपनी ड्रेस किसी और को पहनने न दें।

## पहनकर न सोएं गर्म कपड़े

सर्दी के मौसम में आलस्य बढ़ जाता है। एक बार गर्म कपड़ों को पहनने के बाद उतारने का मन नहीं करता है। इसी वजह से कई लोग स्वेटर, जैकेट को पहनकर सो जाते हैं। ऊनी कपड़ों पर रेशे के आने का यह मुख्य कारण है। अगर आप अपने ऊनी कपड़ों को सही रखना चाहते हैं तो कभी भी पहनकर न सोएं।
कपड़े को सोने से पहले उतार दें और उसे हैंगर में टांग दें। अगर उसको तकिये के पास या ऐसे ही कहीं फेंक देंगे तो उसकी वजह से भी कपड़े खराब होंगे। इसलिए ऊनी कपड़ों को उतारकर रख दें और तब सोने जाएं।

## कब धोएं गर्म कपड़े?

कई लोगों को कपड़ों को बार-बार धोने की आदत होती है। जबकि ऊनी कपड़ों को बार-बार धोने की जरूरत नहीं है।

कार्नर न्यूज

अलग-अलग डिजाइन में लेटेस्ट फैशन अपनाना समझदारी भरा कदम

# रिसेप्शन पार्टी में वियर करें साड़ी, लोगों की नजरें नहीं हटेंगी आप पर से

रिसेप्शन पार्टी में सबसे अलग दिखने के लिए साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। आजकल इंडो वेस्टर्न का फैशन काफी ट्रेंड में है इसे हर कोई स्टाइल करना पसंद करता है। लेकिन साड़ी भी आजकल लड़कियों को पहनना काफी पसंद होती हैं। इसमें अलग-अलग डिजाइंस मिल जाते हैं, जिन्हें आप अपने हिसाब से वियर कर सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए भी आपको साड़ी में अलग-अलग डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप सबसे सुंदर लगेंगी। चलिए देखते हैं लेटेस्ट डिजाइन।

## रेड नेट फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी



अगर आपको एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी स्टाइल करना पसंद बै तो इसके लिए आप इस रेड साड़ी लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी। इसमें वन वर्क मिलता है, साथ ही दिखने में हैवी लगती है लेकिन पहनने के बाद स्टाइलिश लगती है। आजकल इसका काफी ट्रेंड चल रहा है। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज वियर करें। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में खरीदी जा सकती है। इस साड़ी के साथ आप ग्लॉसी मेकअप लुक और ओपन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

## सीक्वेंस वर्क साड़ी

साड़ी में आजकल सीक्वेंस वर्क भी काफी ट्रेंड में है ये भी काफी क्लासी और अच्छा लगता है। आजकल के ट्रेंड के हिसाब से इसमें (साड़ी लुक) आप लैवेंडर कलर ले सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए ये काफी अच्छा साड़ी का ऑप्शन है। मार्केट में इस डिजाइन और कलर के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप 1000 से 2000 में खरीद सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क ज्वेलरी और बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

## फ्लेयर साड़ी



अगर आपको इंडियन के साथ-साथ वेस्टर्न लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप फ्लेयर साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। ये काफी (शिल्पा शेट्टी साड़ी लुक) क्लासी लगती हैं साथ ही लुक को परफेक्ट बनाती हैं। इसमें आपकी बेली भी काफी अच्छी नजर आती है। इस तरीके की साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपको ज्यादा कुछ वियर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे ही आपका रिसेप्शन लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आप सिंपल नेकलेस चेन और ओपन हेयर स्टाइल लुक क्रिएट कर सकती हैं। इन साड़ी डिजाइंस को रिसेप्शन में करें वियर इससे आपका लुक काफी सुंदर नजर आएगा।